आई.एस.ओ.9001:2000 अवार्ड प्राप्त

यश भारत

नये जमाने के साथ ...

● वर्ष- 15 अंक-130 कटनी ● शनिवार, 12 जून, 2021 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष -2 ● विक्रम संवत् 2078 शके 1935

आतंकी हमला, दो जवान शहीद

श्रीनगर। कश्मीर के सोपोर में आतंकियों ने पुलिस और सीआरपीएफ के जवानों को निशाना बनाकर हमला किया है। इस हमले में दो जवान शहीद हुए हैं। साथ ही दो नागरिकों की भी मौत हुई है। हालांकि इसको लेकर अभी कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है। सूत्रों ने बताया कि सोपोर के अरंपोरा में तैनात पुलिस और सीआरपीएफ की नाका पार्टी को निशाना बनाकर आतंकियों ने फायरिंग की। इस हमले में दो जवान शहीद हो गए हैं।

70 दिन बाद मिली सबसे बड़ी राहत

नई दिल्ली। बीते 24 घंटों में देशभर में कोरोना संक्रमण के 84,332 नए केस सामने आए हैं। 70 दिन बात मरीजों का यह सबसे कम आकंड़ा आया है। केंद्रीय स्वस्थ्य मंत्रालय के अनुसार, एक दिन में 1,21,311 मरीज डिस्चार्ज हुए हैं और 4,002 की मौत हुई है। इस तरह कोरोना महामारी के कुल मरीजों की संख्या देश में 2,93,59,155 हो गई है। इनमें 2,79,11,384 मरीज ठीक हो चुके हैं। मृतकों की कुल संख्या 3,67,081 है जबकि एक्टिव केस 10,80,690 हैं।

बीते 24 घंटे में 4002 मरीजों की गई जान

स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से जारी ताजा आंकड़ों के मुताबिक, बीते 24 घंटे में देश में कोरोना वायरस के 84,332 नए मामले सामने आए हैं। हालांकि इस दौरान कोरोना से होने वाली मौत का आंकड़ा एक बार फिर चार हजार के पार चला गया है। बीते 24 घंटे में कोरोना वायरस से 4002 मरीजों ने अपना दम तोड़ा है। बता दें कि पिछले कुछ दिनों से कोरोना से होने वाली मौत का आंकड़ा तीन हजार से नीचे था लेकिन इसमें बढ़ोतरी एक बार फिर स्वास्थ्य महकमे के लिए चिंता का विषय बन गई है। एक दिन में 4002 मरीजों की जान जाने के बाद कोरोना से होने वाली कुल मौतों का आंकड़ा 3,67,081 हो गया है। इतना ही नहीं केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से जारी ताजा आंकड़ों के मुताबिक, 70 दिन बाद कोरोना के सबसे कम मामले दर्ज किए गए हैं, जिसके बाद संक्रमित मामलों की संख्या बढ़कर 2,93,59,155 हो गई है। वहीं पिछले 24 घंटे में 1,21,311 मरीज कोरोना को हराकर अपने घर वापस लौटे हैं। बता दें कि पिछले कई दिनों से कोरोना के दैनिक संक्रमित मामलों से ज्यादा ठीक हुए मरीजों की संख्या का आंकड़ा आ रहा है, जिस वजह से सक्रिय मामलों की संख्या लगातार कम हो रही है।

11 लाख से कम हुए सक्रिय मामले

स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से जारी ताजा आंकड़ों के मुताबिक, देश में सक्रिय मामलों की संख्या 11 लाख से घटकर 10,80,690 हो गई है। यानी कि मौजूदा समय में अस्पतालों और घर में कोरोना वायरस के 10,80,690 मरीजों का इलाज चल रहा है। इसके अलावा देश में पिछले 24 घंटे में कोरोना वायरस की 34,33,763 वैक्सीन लगाई गईं, जिसके बाद कुल वैक्सीनेशन का आंकड़ा 24,96,00,304 हुआ। मंत्रालय ने बताया कि संक्रमण की दैनिक दर 4.39 प्रतिशत दर्ज की गई। यह लगातार 19वें दिन 10 प्रतिशत से कम रही है। साप्ताहिक संक्रमण दर भी गिरकर 4.94 प्रतिशत हो गई है। संक्रमण मुक्त हो चुके लोगों की संख्या बढ़कर 2,79,11,384 हो गई है जबकि मृत्यु दर 1.25 फीसदी है।

फटाफट खबरें

दिल्ली लाजपत नगर में कपड़े के शोरूम में लगी भीषण आग

नई दिल्ली। देश की राजधानी दिल्ली के लाजपत नगर में एक कपड़े के शोरूम में आग लगने की घटना सामने आई है। आग की सूचना मिलते ही 30 दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंची। फिलहाल आग पर काबू पाने के प्रयास जारी हैं। जानकारी के अनुसार, शनिवार की सुबह करीब साढ़े दस बजे सेंट्रल मार्केट में केएफसी के पास कपड़े के शोरूम में आग लगने की घटना हुई। आग की भीषण लपटें देख आस-पास के लोगों में अफरा-तफरी का माहौल हो गया।

मध्यप्रदेश में मानसून की दस्तक, मुंबई हुई पानी-पानी

भोपाल । मध्य प्रदेश में मानसून ने समय से पहले मध्य प्रदेश में दस्तक दे दी है। 7 दिन पहले ही मध्य प्रदेश पहुंचे मानसून को लेकर अब मौसम विभाग ने ओरेंज अलर्ट जारी किया है। इस दौरान जबलपुर और शहडोल संभाग के जिलों में भारी बारिश हो सकती है। पिछले 24 घंटों में भोपाल, जबलपुर और ग्वालियर सहित राज्य के कई हिस्सों में बारिश हुई है। उधर समय से पहले दस्तक देने के बाद विभिन्न राज्यों में मानसून की भारी बारिश का दौर जारी है। मायानगरी मुंबई में शनिवार को भारतीय मौसम विभाग ने यहां रविवार तक भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग ने महाराष्ट्र के रत्नागिरि और रायगढ़ जिलों के लिए भी रेड अलर्ट जारी किया है। मुंबई, ठाणे, रायगढ़ और रत्नागिरि जिलों में रविवार को दूरदराज इलाकों में अत्यंत भारी बारिश हो सकती है।

जीएसटी कांउसिल की 44वीं बैठक में मिल सकती है राहत

नई दिल्ली। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में जीएसटी परिषद की 44वीं बैठक शुरू हो गई है। इसमें कोविड संबंधी आवश्यक वस्तुओं पर जीएसटी दरों में कटौती के बारे में फैसला लिया जाएगा। इस बैठक में वित्त राज्य मंत्री अनुराग ठाकुर, राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के वित्त मंत्री और केंद्र सरकार और राज्यों के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद हैं। बैठक में जीओएम की रिपोर्ट पर विचार किया जाएगा। इसमें कुछ राहत मिल सकती है।

पेट्रोल डीजल ही नहीं खाद्य तेल की कीमत आसमान पर

सोयाबीन 148, सरसों 165

नई दिल्ली। देश में तेल की कीमतों ने आसमान छू लिया है। चाहे बात पेट्रोल-डीजल की हो या खाद्य तेलों की, बढ़ती महंगाई ने जनता की कमर तोड़ दी है। कोरोना काल में लोगों का बजट तो बिगड़ा ही है, अब खाद्य तेलों की कीमत ने भोजन का जायका भी बिगाड़ दिया है। लोगों के लिए घर का खर्च चलाना मुश्किल हो रहा है। पिछले एक साल में खाने वाले तेल की कीमतों में करीब 50 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। मतलब जनता का तेल निकल रहा।

जबलपुर में सोयाबीन तेल 146 से 148 रुपए और सरसों तेल 165 रुपए प्रति लीटर चल रहा है।

10 साल के उच्चतम स्तर पर कीमतें

मई 2021 में खाने के तेल की कीमतें 10 साल के उच्चतम स्तर पर पहुंची। जून 2020 से जून 2021 के बीच ग्राउंडनट ऑयल की कीमतें करीब 20 फीसदी, सरसों के तेल की कीमत करीब 50 फीसदी, वनस्पति तेल की कीमत 45 फीसदी और सनफ्लावर, पाम तेल की कीमतें करीब 60 फीसदी बढ़ी हैं। जो तेल एक साल पहले 90 से 100 रुपये प्रति लीटर के दाम पर बिक रहा था, वह अब 150 से 160 रुपये का हो गया है।

तेल के लिए दूसरे देशों पर निर्भर भारत

दी सेंट्रल आर्गेनाइजेशन फॉर आयल इंडस्ट्रीज एंड ट्रेड के अनुसार, अनुमानतः भारत में प्रति वर्ष लगभग 2.5 करोड़ लीटर खाद्य तेल की खपत होती है। अपने घरेलू उत्पादन से भारत इसमें से केवल 90 लाख लीटर के आसपास की जरूरत पूरी कर पाता है। बाकी 1.40 या 1.50 करोड़ लीटर खाद्य तेल के लिए भारत अर्जेंटीना, कनाडा, मलयेशिया, ब्राजील और अन्य दक्षिणी अमेरिकी देशों पर निर्भर करता है। भारत अपनी कुल खाद्य तेल की जरूरत का 70 फीसदी हिस्सा विदेशों से आयात करता है, जिसके लिए भारत भारी कीमत चुका रहा है।

क्रूड पाम तेल- खाने की तेल की खपत का करीब 40 फीसदी हिस्सा पॉम आयल का है। पूरी दुनिया में पाम ऑयल उत्पादन का करीब 85 फीसदी हिस्सा इंडोनेशिया व मलयेशिया से होता है। लेकिन महामारी के दौरान पाम ऑयल की फसल पर असर हुआ।

सन फ्लावर ऑयल- यूक्रेन और रूस में सन फ्लावर ऑयल का दुनिया में सबसे ज्यादा उत्पादन होता है। इन दो देशों में वैश्विक सप्लाई का 50 फीसदी सनफ्लावर ऑयल तैयार होता है।

सोयाबीन तेल- भारत में सोयाबीन तेल का उत्पादन होता है, लेकिन ब्राजील इसका सबसे बड़ा उत्पादक देश है। लेकिन ब्राजील में सूखा पड़ने की वजह से फसलों पर असर हुआ है।

सरसों तेल-इसकी कीमत में भी जबरदस्त तेजी देखने को मिली। भारत में सरसों का काफी उत्पादन होता है। सरकार ने ब्लेंडिंग पर नकेल कसी है, जिसकी वजह से सरसों का तेल महंगा हुआ है।

दिग्गी के बयान से सियासत गर्म शिवराज ने मांगा सोनिया से जवाब

धारा 370 पर पाकिस्तानी पत्रकार को दिया था बयान

भोपाल। राज्यसभा सदस्य और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह द्वारा क्लब हाउस चैट में पाकिस्तानी पत्रकार को कश्मीर में 370 को लेकर दिए गए बयान पर मध्य प्रदेश के सीएम शिवराज सिंह चौहान ने निशाना साधा है। सीएम शिवराज ने कहा है कि कश्मीर भारत का मुकुटमणी है, अभिन्न अंग है, ये कांग्रेस ही थी जिसने कश्मीर में धारा-370 लगाने का पाप किया था। हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री जी, भाजपा सरकार ने धारा-370 हटा दी, अब देश में दो विधान, दो निशान नहीं हैं। लेकिन अब फिर पाकिस्तान की भाषा बोल रही है। उनके नेता दिग्विजय कहते हैं धारा 370 हटाने पर पुनर्विचार किया जाएगा? क्या पुनर्विचार करेगी कांग्रेस?, क्या फिर धारा-370 थोप के अलगाववाद को हवा देगी? उन्होंने कहा कि क्या कांग्रेस आतंकवाद को प्रश्रय देगी, कांग्रेस का हाथ पाकिस्तान के साथ। यह कांग्रेस की पाकिस्तानी मानसिकता है। जो पाकिस्तान कहता है वही कांग्रेस कहती है। सोनिया जी जवाब दो, देश आपसे जवाब चाहता है। उधर मध्य प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीडी शर्मा ने ट्वीट कर कहा कि एनआइए को दिग्विजय सिंह की गतिविधियों की जांच करनी चाहिए। कांग्रेस की क्लब हाउस चैट में पाकिस्तानी पत्रकार का होना और दिग्विजय सिंह द्वारा सत्ता में आने पर धारा 370 को वापस लाने की बात करना देश विरोधी षडयंत्र है। क्या कांग्रेस नेतृत्व इससे सहमत है?

कांग्रेस ने पल्ला झाड़ा

कांग्रेस बोली हमारा रुख साफ

वहीं कांग्रेस ने इससे पल्ला झाड़ लिया है। दैनिक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कांग्रेस नेता राशिद अल्वी ने कहा, जम्मू-कश्मीर में आर्टिकल 370 पर कांग्रेस अपना रुख पहले ही साफ कर चुकी है। आर्टिकल 370 बहाल करने की कोई बात नहीं है, लेकिन जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा देना की कोशिश अवश्य की जाएगी।भाजपा आईटी सेल प्रमुख अमित मालवीय ने क्लब हाउस चैट का एक हिस्सा ट्विटर पर शेयर करते हुए दिग्विजय सिंह पर हमला बोला। उन्होंने अपने ट्वीट में लिखा- क्लब हाउस चैट में, राहुल गांधी के शीर्ष सहयोगी दिग्विजय सिंह एक पाकिस्तानी पत्रकार से कहते हैं कि अगर कांग्रेस सत्ता में आती है तो वे अनुच्छेद 370 को निरस्त करने के फैसले पर पुनर्विचार करेंगे। वास्तव में? यही तो पाकिस्तान चाहता है...।

महाराष्ट्र में भाजपा-शिवसेना बना सकते सरकार !

मुंबई। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे की दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात के बाद से तरह-तरह के कयास लगाए जा रहे हैं। केंद्रीय मंत्री रामदास अठावले के बयान ने इन कयासों को हवा देने का काम किया है। रामदास अठावले ने शुक्रवार को एक बड़ा बयान देते हुए कहा कि महाराष्ट्र में पूर्व सहयोगी भाजपा और शिवसेना समेत अन्य दलों की महायुति (महागठबंधन) सरकार बनाई जा सकती है। अठावले ने कहा कि इस महायुति में मुख्यमंत्री पद को आधे-आधे कार्यकाल के लिए शिवसेना के साथ बांटा जा सकता है। केंद्रीय मंत्री रामदास अठावले ने अपने बयान में कहा कि इस मुद्दे को लेकर मैंने भाजपा नेता और पूर्व मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से चर्चा की है और जल्द ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ बैठक में भी इस पर चर्चा की जाएगी। रामदास अठावले का यह बयान मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे के दिल्ली में पीएम मोदी से मुलाकात करने के कुछ दिन बाद आया है।बता दें कि उद्धव ने मंगलवार को पीएम मोदी से मुलाकात की थी। उद्धव ठाकरे ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने हमारी सभी बातों को गंभीरता पूर्वक सुना। उन्होंने कहा कि मराठा आरक्षण, जीएसटी समेत कई संवदेनशील मुद्दों पर वार्ता हुई। पीएम नरेंद्र मोदी से रिश्तों और मुलाकात को लेकर पूछे गए सवालों को लेकर उद्धव ठाकरे ने बेबाकी से जवाब दिए।

बुजुर्ग मर जाएं पर बच्चों का बचना जरूरी..

जयपुर। देश में एक तरफ कोरोना महामारी का डर है तो दूसरी तरफ राजनेताओं के बोल लोगों के बीच भ्रम का माहौल फैला रहे हैं। कोरोना काल के दौरान कई राजनेताओं ने महामारी से संबंधित अजीबोगरीब बयान देकर सुर्खियां बटोरीं। अब इसी सूची में राजस्थान के जल और ऊर्जा मंत्री बीडी कल्ला का नाम शामिल हो गया है। राजस्थान सरकार में मौजूद मंत्री बीडी कल्ला ने वैक्सीनेशन को लेकर एक अलग ही ज्ञान बांटा है। श्री कल्ला ने कहा कि क्या आपको पता है कि वैक्सीन किसे लगाई जाती है। आज तक अपने देश में कोई भी वैक्सीन सिर्फ बच्चों को लगी है, बुजुर्गों को वैक्सीन कहां लगती है? उन्होंने आगे कहा कि कोरोना में भी सबसे पहले बच्चों को ही वैक्सीन लगनी चाहिए क्योंकि बच्चों का बचना जरूरी होता है।

नए आईटी नियमों से नहीं बचेंगे चैनल अखबारों के डिजिटल प्लेटफॉर्म

नई दिल्ली। पिछले महीने ही सरकार ने नए आईटी नियम लागू किए हैं। भारत सरकार के नए आईटी नियम को लेकर सोशल मीडिया कंपनियों से काफी विवाद भी हुआ, हालांकि सभी ने नए नियम को अपने प्लेटफॉर्म पर लागू कर लिया है। नए नियम के आने के बाद नेशनल ब्रॉडकास्टर्स एसोसिएशन (एनबीए) ने टीवी चैनलों और अखबारों के डिजिटल प्लेटफॉर्म को नए नियमों से बाहर रखने का अनुरोध किया था जिसे सरकार ने ठुकरा दिया है।ऐसे में अब टीवी चैनलों और अखबारों के डिजिटल प्लेटफॉर्म पर भी नए आईटी नियम लागू होंगे। एनबीए ने सरकार से अनुरोध करते हुए कहा था कि ये प्लेटफॉर्म पहले से ही कई तरह के नियमों से जकड़े हुए हैं, ऐसे में एक और नया नियम इन पर लागू करना सही नहीं रहेगा।

सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने क्या कहा?

मंत्रालय ने एनबीए के अनुरोध को अस्वीकार कर दिया है। मंत्रालय का कहना है कि नए नियम से किसी के ऊपर कोई अतिरिक्त बोझ नहीं बढ़ने जा रहा है और इन्हें नए नियम के दायरे में लाने में कुछ भी गलत नहीं है। मंत्रालय ने यह भी स्पष्ट किया कि जब किसी डिजिटल समाचार प्रकाशक की कोई भी न्यूज ओटीटी प्लेटफॉर्म पर प्रसारित की जाती है तो ऐसे कंटेंट उस प्लेटफॉर्म की नियामक की जिम्मेदारी से बाहर होगी, खबरों या कंटेंट को लेकर कोई शिकायत मिलती है तो वह इस मामले को उस खबर से संबंधित प्रकाशक को ट्रांसफर कर सकता है। केंद्र सरकार के नए आईटी नियम के मुताबिक शिकायत के 24 घंटे के भीतर डिजिटल प्लेटफॉर्म को आपत्तिजनक कंटेंट को हटाना होगा। इसके अलावा एक नोडल अधिकारी और रेसिडेंट ग्रीवांस अधिकारी को नियुक्त करना होगा जो कि भारत का ही होगा।

भगौड़े मेहुल चौकसी की बढ़ी मुश्किल

डोमिनिका कोर्ट ने जमानत देने से किया इंकार

डोमिनिका । मेहुल चोकसी की मुश्किलें और बढ़ती नजर आ रही हैं। डोमिनिका हाईकोर्ट ने मेहुल चोकसी की जमानत याचिका को खारिज कर दिया है। जज वायनानते एड्रिन-रॉबर्ट्स ने चोकसी को फ्लाइट रिस्क माना है और यही वजह है कि मेहुल चोकसी को जमानत देने से मना कर दिया है। शनिवार को बचाव पक्ष के वकीलों में कोर्ट में तर्क दिया कि एक कैरिकॉम नागरिक के तौर पर मेहुल चोकसी जमानत का हकदार है क्योंकि कथित अपराध जमानती है और उस पर कुछ हजार रुपये का जुर्माना लगाया जा सकता है।

शिरोमणी अकाली दल-बसपा ने किया गठबंधन का ऐलान

चंडीगढ़ । पंजाब की राजनीति के पुराने खिलाड़ी शिरोमणि अकाली दल को बहुजन समाज पार्टी के रूप में एक नया साथी मिल गया है। भाजपा से गठबंधन तोड़ चुकी शिअद और बहुजन समाज पार्टी के गठबंधन पर चंडीगढ़ पहुंचे बसपा राष्ट्रीय महासचिव और राज्यसभा सांसद सतीश चंद्र मिश्रा अंतिम मुहर लगा चुके हैं। शनिवार को शिअद मुख्यालय में इस बाबत कोर कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया। इममें भी सतीश चंद्र मिश्रा मौजूद रहे। इसके बाद अकाली दल प्रधान सुखबीर बादल ने प्रेस कांफ्रेंस में शिअद-बसपा गठबंधन की घोषणा की और इसे पंजाब की राजनीति का नया दिन बताया। उन्होंने कहा कि पंजाब की सियासत में यह गठबंधन बड़ा मोड़ साबित होगा। 2022 के बाद भी जितने चुनाव होंगे शिअद, बसपा के साथ लड़ेगी। दोनों दलों के बीच सीटों के बंटवारे को लेकर पेच फंसा हुआ था। शिअद, बसपा को 117 में से 18 सीटों पर चुनाव लड़ने की बात कर रहा था, जबकि बसपा 37 से 40 सीटों पर चुनाव लड़ने की मांग कर रही थी। कई दौर की बैठकों के बाद अब दोनों दलों में सीटों को लेकर सहमति बन गई है। 117 विधानसभा सीटों में बसपा 20 सीटों पर चुनाव लड़ेगी।

मुख्यमंत्री ने बीना में किया दो सौ आक्सीजन बेड वाले कोविड अस्पताल का शुभारंभ

बीना। सागर जिले के बीना में आगासौद चक्क के पास बनाए जा रहे अस्थाई कोविड अस्पताल का शनिवार को मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान व केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने शुभारंभ किया। इस मौके पर केबिनेट मंत्री भूपेंद्र सिंह, गोपाल भार्गव, सांसद राजबहादुर सिंह, बीना विधायक महेश राय सहित अन्य जन प्रतिनिधि मौजूद थे। मुख्यमंत्री श्री सिंह ने 200 ऑक्सीजन बेड वाले अस्पताल के साथ बीपीसीएल द्वारा लगाए गए ऑक्सीजन बॉटलिंग एंड रिफलिंग प्लांट का शिलान्यास भी किया।

मीडिया को नहीं दिया गया प्रवेश, दो किमी पहले ही रोक दिया

बीना अस्थाई कोविड अस्पताल के शुभारंभ कार्यक्रम के लिए मीडिया को प्रवेश नहीं दिया गया। बीना, सागर सहित अन्य जगह से पहुंचे मीडियाकर्मी को कार्यक्रम स्थल से करीब दो किमी पहले ही रोक दिया गया। सागर पीआरओ मनोज नेमा ने बताया कार्यक्रम में मीडिया को प्रवेश नहीं है। जनसंपर्क द्वारा सभी जानकारी उपलब्ध कराई जा रही है।

निजी अस्पतालों को जगह-मांग के आधार पर ही वैक्सीन

नई दिल्ली। भारत सरकार ने कोविड-19 टीकाकरण नीति को पहले से भी आसान किया है। सरकार ने टीकाकरण अभियान को रफ्तार देने के लिए पर्याप्त मात्रा में वैक्सीन देने का फैसला किया है। इसी कड़ी में निजी अस्पतालों को जगह और मांग के आधार पर वैक्सीन की खुराक उपलब्ध कराई जाएगी। टीकाकरण अभियान में व्यापक भागीदारी और वितरण सुनिश्चित करने के उद्देश्य से तैयार किए गए नियमों के आधार पर अलग-अलग अस्पतालों में वितरित किया जाएगा। केंद्र सरकार के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि राज्यों को टीकों का कुल 25त्न हिस्सा मिलता है। हालांकि अब निजी अस्पतालों के आसपास रहने वाली आबादी के हिसाब से उन्हें वैक्सीन मुहैया कराई जाएगी। बता दें कि 18 से 44 साल की आयु वाले लोगों को वैक्सीन लगाने के लिए पहले राज्यों को खुले बाजार से वैक्सीन लेनी पड़ती थी, लेकिन नई गाइडलाइंस के मुताबिक, राज्य सरकारों को कोई खरीद नहीं करनी होगी। वे सिर्फ केंद्र से मिली वैक्सीन को लगाएंगे। इस नियम में निजी अस्पतालों को केंद्र से 25त्न डोज के अलावा वैक्सीन निर्माताओं से सीधे खरीदने की भी छूट मिली है।नई गाइडलाइंस के मुताबिक, राज्यों को ÷बड़े और छोटे निजी अस्पतालों के आसपास आबादी को ध्यान में रखकर वैक्सीन उपलब्ध कराना है। नए नियमों में साफ तौर से कहा गया है कि केंद्र कुल मांग के आधार पर, निजी अस्पतालों को टीकों की आपूर्ति और राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण के इलेक्ट्रॉनिक प्लेटफॉर्म के माध्यम से भुगतान की सुविधा प्रदान करेगा।गौरतलब है कि पिछले दिनों राष्ट्र के नाम संबोधन में पीएम मोदी ने मुफ्त टीकाकरण का एलान किया था। 21 जून से 18 साल से ज्यादा उम्र वाले हर व्यक्ति को सरकार मुफ्त में टीका लगाएगी।

जिला अस्पताल में ऑक्सीजन प्लान्ट का जायजा लिया संभागायुक्त ने

कोरोना की थर्ड वेब से निपटने तैयार रहे अमला, साफ सफाई रखें बेहतर, अन्यथा एजेन्सी का टेण्डर करें निरस्त

कटनी। कोरोना संक्रमण की सेकेण्ड वेब के बाद अब संभावित तीसरी वेब की तैयारियों को लेकर प्रशासन द्वारा कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। शासन-प्रशासन इस दिशा में तेजी से काम कर रहा है। जिले में अधिक से अधिक चिकित्सीय संसाधन बढ़ाने की दिशा में कार्य हो रहे हैं। जिला अस्पताल के साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र और उप स्वास्थ्य केन्द्रों को भी अपग्रेड किया जा रहा है। इसी कड़ी में जिला प्रशासन द्वारा कोरोना की थर्ड वेब से निपटने की तैयारियों का जायजा लेने संभागायुक्त बी. चन्द्रशेखर कटनी पहुंचे। इस दौरान उन्होने जिला अस्पताल का निरीक्षण किया। साथ ही आवश्यक दिशा-निर्देश अस्पताल प्रबंधन को दिये। कलेकटर प्रियंक मिश्रा और पुलिस अधीक्षक मयंक अवस्थी भी विजिट के दौरान मौजूद रहे। जिला अस्पताल के निरीक्षण के दौरान सर्वप्रथम संभागायुक्त श्री चन्द्रशेखर ने सिविल सर्जन से मौजूदा व्यवस्थाओं की जानकारी ली। कलेक्टर श्री मिश्रा ने उन्हें थर्ड वेब से निपटने के लिये स्थापित किये गये बच्चों के काविड वॉर्ड और निर्माणाधीन आईसीयू की जानकारी ली। अपने विजिट की शुरुआत संभागायुक्त ने निर्माणाधीन आईसीयू से की। उन्होने कहा कि सुव्यवस्थित कार्ययोजना के साथ ही आईसीयू का निर्माण करायें। किसी भी तरह की कोई कमी ना रहे। इसके बाद संभागायुक्त ने बच्चों के लिये स्थापित किये गये कोविड वॉर्ड का निरीक्षण किया। जहां की व्यवस्थायें उन्होने देखीं। साथ ही साफसफाई बेहतर रखने के निर्देश दिये। बच्चों के लिये स्थापित किये गये कोविड वॉर्ड के प्रसाधन कक्ष की साफसफाई दुरुस्त ना होने पर उन्होने नाराजगी जाहिर की और बेहतर साफसफाई रखने के निर्देश दिये। उन्होने कहा कि यह कार्य आप आउटसोर्स से करा रहे हैं, तो गुणवत्ता खराब क्यों है। यदि साफसफाई बेहतर ढंग से आउटसोर्स एजेन्सी नहीं करती है, तो उसका टेंण्डर निरस्त करें। संभागायुक्त बी. चन्द्रशेखर ने जिला अस्पताल में स्थापित हो रहे ऑक्सीजन प्लान्ट के कार्य की प्रगति का जायजा भी लिया। जहां कलेक्टर श्री मिश्रा ने अस्पताल में स्थापित होने वाले विभिन्न क्षमताओं के प्लान्ट्स की जानकारी विस्तार से दी। संभागायुक्त ने सिविल सर्जन को प्लान्ट के साथ-साथ समानांतर रुप से ऑक्सीजन की सप्लाई के लिये लाईन का कार्य कराने के निर्देश दिये। उन्होने कहा कि आप अभी से टेण्डर की प्रक्रिया अपनाकर इस कार्य को सुनिश्चित करायें। ताकि प्लान्ट लगने के बाद उसका लाभ शीघ्र मिल पाये।

जिला अस्पताल में विद्युत व्यवस्था दुरुस्त रहे

जिला अस्पताल में विद्युत व्यवस्था दुरुस्त रहे, इसके लिये उपलब्ध डीजी सिस्टम की जानकारी भी संभागायुक्त ने ली। उन्होने कहा कि अस्पताल प्रबंधन यह सुनिश्चित करे कि डीजी सिस्टम हमें चालू हालत में हों। ऑक्सीजन प्लान्ट के लिये भी पृथक से डीजी सिस्टम स्थापित करने की प्रक्रिया अभी से सुनिश्चित करने के निर्देश कमिश्नर ने दिये। अपने विजिट के दौरान जिला अस्पताल में उपचाररत परिजनों से संवाद भी कमिश्नर चन्द्रशेखर ने किया। उन्होने उनके आने का कारण और उपचाररत मरीजों के बारे में जानकारी ली। दोनों ही मरीजों द्वारा प्रसव के लिये आने की बात बताई गई। इस पर सीएचसी और पीएचसी में किये गये उपचार के विषय में भी उन्होने जाना। साथ ही जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में सीएचसी और पीएचसी को मजबूत करने और अधिक से अधिक प्रसव वहां कराने के निर्देश संभागायुक्त ने दिये।

मरीजों के परिजनों को बैठने की बेहतर व्यवस्था हो

जिला अस्पताल में उपचाररत मरीजों के परिजनों को बैठने की बेहतर व्यवस्था हो, यदि लंबा उपचार हो तो रुकने की व्यवस्था हो, इसके लिये व्यवस्थायें बनाने की बात संभागायुक्त ने कही। उन्होने कहा कि जिला अस्पताल में मरीजों के परिजनों के लिये डॉरमेटरी की व्यवस्था के लिये भी कार्य करें। इसके साथ ही जिला अस्पताल की अन्य व्यवस्थाओं का जायजा भी संभागायुक्त ने लिया। व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश भी संबंधितों को दिये। विजिट के दौरान सीईओ जिला पंचायत जगदीश चन्द्र गोमे, अपर कलेक्टर रोहित सिसोनिया, सहायक कलेक्टर अंजली रमेश, सीएमएचओ डॉ. प्रदीप मुढ़िया, सिविल सर्जन डॉ. यशवंत वर्मा, एएससी संदीप मिश्रा, एसडीएम बलबीर रमन सहित अन्य संबंधित अधिकारी भी मौजूद रहे।

2 माह से कहां गायब हैं बरही के सीएमओ!

कब आओगे साहब- पूछ रही पब्लिक और कर्मचारी

बरही। कोरोना संक्रमण काल के दौरान अप्रैल के दूसरे पखवाड़े से नगर परिषद बरही में पदस्थ मुख्य पालिका अधिकारी गायब है। परिषद के कर्मचारी के साथ ही प्रशासक भी हैरान व परेशान है कि आखिर बरही के सीएमओ कब आएंगे। वही नगर की भटक रही जनता सवाल कर रही है कि साहब आप कहा हो और कब आओगे। गत दिवस प्रशासकध्एसडीएम विजयराघवगढ़ भी नगर परिषद बरही पहुँचकर कर्मचारियों से पूछ रही थी कि सीएमओ कहा हैए इतना ही नही पिछले दो माह से लगातार गायब रहने से उन्होंने नाराजगी व्यक्त की है।

बरही के साथ कैमोर का भी प्रभार

नगर परिषद बरही में पदस्थ सीएमओ अभयराज सिंह नगर परिषद कैमोर का भी प्रभार देख रहे हैए जिससे जिले की तीन नगर परिषदों में विजयराघवगढ़ को छोड़कर कैमोर एवं बरही में पिछले 2 माह से विकास कार्यो में सीएमओ के गायब रहने से ग्रहण लगा हुआ है। विकास कार्यो के साथ ही आम जनमानस के कार्य प्रभावित हैए जिसके लिए जिम्मेदार कौन है।

पारिवारिक समस्या के चलते बाहर हैं सीएमओ

इस संबंध में नगर परिषद की प्रशासक एसडीएम प्रिया चंद्रावत ने यशभारत से चर्चा करते हुए बताया कि पिछले दो माह से सीएमओ अभयराज सिंह अपने पारिवारिक कारणों से ड्यूटी में नही हैए इसकी जानकारी नगरीय प्रशासन विभाग के जेडी को दी गई है। सीएमओ के न रहने से विकास कार्यो के साथ ही अन्य समास्याओं का सामना करना पड़ रहा हैए ऐसी स्थिति में विकास कार्यो को गति देने के लिए जल्द ही कुछ व्यवस्था करने का प्रयास किया जा रहा है।

पिता का इलाज करा रहे सीएमओ

दो माह से गायब सीएमओ अभयराज सिंह के संबधं में यश भारत की पड़ताल में यह सच्चाई सामने आई कि उनके पिता की हालत गंभीर बनी हुई हैए जिनका उपचार संजय गांधी हॉस्पिटल रीवा में चल रहा थाए जहां से हालत में सुधार न होने पर उन्हें एयर एंबुलेंस से अब रायपुर में शिप्ट किया गया है। सीएमओ अपने पिता के बेहतर स्वस्थ्य होने के लिए उपचार के लिए परेशान हैए जिसके चलते वे दो माह से ड्यूटी में नही है।

बिना टेस्ट बनेगा ड्राइविंग लाइसेंस

कटनी। ड्राइविंग लाइसेंस आज के समय में हमारे लिए सबसे जरूरी डॉक्यूमेंट में से एक है। ड्राइविंग लाइसेंस गाड़ी चलाने के लिए जरूरी तो है और इसे कई अहम मौकों पर पहचान पत्र के तौर पर भी इस्तेमाल किया जा सकता है। हालांकि ड्राइविंग लाइसेंस बनवाना आसान काम नहीं है। इसके लिए पहले आपको रजिस्ट्रेशन कराना पड़ता है और फिर बाद में आरटीओ ऑफिस जाकर टेस्ट भी देना पड़ता है। कई बार आप टेस्ट देते समय नर्वस भी हो जाते हैं और ठीक से गाड़ी नहीं चला पाते ऐसे में आपका लाइसेंस स्थायी नहीं हो पाता और आपको बार-बार टेस्ट देना पड़ता है। अब आरटीओ ने आपको इससे बचाने का रास्ता निकाल लिया है। अब आप बिना टेस्ट दिए भी ड्राइविंग लाइसेंस बनवा सकते हैं। अगर आप भी अपना ड्राइविंग लाइसेंस बनवाना चाहते हैं और टेस्ट नहीं देना चाहते तो आपको किसी मान्यता प्राप्त ड्राइविंग टेस्ट सेंटर से ट्रेनिंग लेनी होगी। ये टेस्ट सेंटर सड़क परिवहन मंत्रालय से मान्यता प्राप्त होना चाहिए। ट्रेनिंग के बाद सेंटर आपको एक सर्टिफिकेट देगा। इसी सर्टिफिकेट के आधार पर आरटीओ आपका ड्राइविंग लाइसेंस जारी करेगा।

चालकों की बढ़ती कमी को पूरा करने परिवहन विभाग का नया नियम

1 जुलाई से शुरू होगी सुविधा

परिवहन विभाग की ये नई सुविधा 1 जुलाई से शुरू हो जाएगी। परिवहन मंत्रालय ने इस बारे में कहा कि देश में बेहतर ड्राइवर्स की संख्या में कमी आई है। देश में करीब 22 लाख ड्राइवर्स की कमी है। इस कमी को पूरा करने के लिए ही ये कदम उठाया जा रहा है।

भारतीय किसान संघ ने सौंपा ज्ञापन

कटनी। भारतीय किसान संघ ने कलेक्टर कटनी के नाम तीन सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। कृषि विभाग द्वारा संचालित राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन योजनान्वित दलहन प्रदर्शन चना विवधिकरण (टरफा) रबी वर्ष 2019-20 तथा खरीफहाईब्रिड मक्का प्रदर्शन वर्ष 2020-21 में लाभान्वित किये गये। कृषकों के साथ धोखाधड़ी करने के संबंध में जांच करने बावद् ज्ञापन नगर अध्यक्ष तुलसी सोनी द्वारा सौंपा गया जिसमें जिलाध्यक्ष बिहारी लाल निगम, जिला मंत्री अनिल विश्वकर्मा, दुखीलाल विश्वकर्मा एवं अमोद सोनी आदि की उपस्थिति सराहनीय रही।

जिले में आज एक सप्ताह तक चलेगा बाल श्रम निषेध अभियान

कटनी। 12 जून को बाल श्रम के विरुद्ध विश्व दिवस के रुप में मनाया जायेगा। इस संबंध में जारी निर्देशों के अनुसार कटनी जिले में राष्ट्रीय बाल श्रम परियोजना के सहयोग से कोविड गाईड लाईन का पालन करते हुये जागरुकता अभियान चलाया जायेगा। 12 जून से एक सप्ताह तक बाल श्रम निषेध के अभियान अंतर्गत श्रम विभाग के अधिकारी, कर्मचारी एवं चाईल्ड लाईन के समन्वयक, कार्यकर्ता जिले के शहरी व ग्रामीण क्षेत्र में संचालित होटल, रेस्टॉरेन्ट, गैरेज, वर्कशॉप एवं अन्य दुकानों में भ्रमण करेंगे। इस दौरान अधिनियम के प्रावधानों की जानकारी नियोजकों को प्रदान करेंगे तथा कानून के प्रावधान के पालन में सहमति भी प्राप्त करेंगे। उल्लेखनीय है कि बाल एवं कुमार श्रम (प्रतिषेध एवं विनियम) अधिनियम 1986 संशोधित अधिनियम 2017 के प्रावधान अनुसार किसी भी संस्थान में 14 वर्ष तक के बालकों का नियोजन तथा कारखाने, ज्वलनशील पदार्थ, विस्फोटक एवं परिसंकटमय प्रक्रियायें में 18 वर्ष तक के कुमार श्रमिक का नियोजन पूर्णतः प्रतिबंधित है। उल्लंघन की दशा में 6 माह से 2 वर्ष तक की सजा या 5000 से लेकर 50 हजार तक का जुर्माना अथवा दोनों से दण्ड का प्रावधान है।

एक क्लिक पर उपभोक्ता के दरवाजे तक पहुंचेगी गैस

बीपीसीएल ने एलपीजी के ग्राहकों को अब व्हाट्सएप पर सिलेंडर बुक करने की सुविधा

कटनी। आधुनिक संचार क्रांति और सोशल मीडिया व्हाट्सएप सुविधाएं व्यवसायिक क्षेत्रों में भी बेहद फायदेमंद साबित हो रही है। आदर्श कालोनी स्थित उषा गैस एजेंसी संचालक मनोज गर्ग ने जानकारी में बताया कि भारत पेट्रोलियम कारपोरेशन लिमिटेड ने ग्राहकों को सुविधाजनक गैस सिलेंडर बुक करने के लिए आवश्यक सुविधाओं के साथ व्हाट्सएप प्लेटफार्म के माध्यम से गैस बुकिंग सेवा शुरू की है। भारत गैस के द्वारा उपभोक्ता की सुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए व्हाट्सएप नंबर 1800224344 की सेवा प्रारंभ की गई है। जिससे उपभोक्ता अपने पंजीकृत मोबाइल नंबर से ऑनलाइन गैस बुकिंग की जानकारी प्राप्त कर सकते है। जैसे बुकिंग किए गए सिलेंडर का ऑनलाइन भुगतान सिलेंडर आपूर्ति की तारीख बुकिंग के दिन एलपीजी सिलेंडर का रेट मैकेनिक सेवा डीबीसी के लिए अनुरोध आदि ग्राहकों को केवल संबंधित विकल्प पर क्लिक करना होगा। ग्राहकों द्वारा मांगी गई सेवाएं उनके दरवाजे तक पहुंच जाएंगी। जिन लोगों ने इस व्हाट्सएप प्लेटफार्म के इस विकल्प का उपयोग किया है उनके द्वारा यह सुझाव दिया जा रहा है कि कंपनी को इस समाधान के साथ पहले आना चाहिए था क्योंकि यह एप सुलभ व सुविधाजनक होने से कंपनी से व्यवसाय करना आसान हो गया है।

श्रीराम मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
आदर्श कॉलोनी, मेन रोड, नई बस्ती, कटनी 483501 (म.प्र.)
फोन : 07622-408444, 409444 मोबा. 8982275111, 8982275222, 8982275333
प्रतिदिन उपलब्ध
डॉ. बलदेव सिंह
MD (GENERAL MEDICINE) फैमली फिजीशियन
पूर्व चिकित्सक अपोलो हॉस्पिटल
हृदय, छाती, गुर्दा एवं मधुमेह रोग विशेषज्ञ
प्रतिदिन उपलब्ध
डॉ. गगन सोनी
BDS डेंटल सर्जन
कटनी के सुप्रसिद्ध
दंत एवं मुख रोग विशेषज्ञ
डॉ. अनुराग खरे
डॉ. कनिका अग्रवाल
डॉ. जाकिर हुसैन
डॉ. अनिमेश गुप्ता
24x7 एम्बुलेंस कैंटीन पार्किंग
उपलब्ध विभाग
हेल्पलाईन नं.8982275111
उपलब्ध सुविधायें
मेडीसिन विभाग
हृदय रोग विभाग
स्त्री एवं प्रसूति विभाग
दंत रोग विभाग
हड्डी रोग विभाग
त्वचा एवं सौंदर्य विभाग
शिशु रोग विभाग
मस्तिष्क रोग विभाग
ट्रामा विभाग
कैंसर विभाग
फिजियोथेरेपी विभाग
प्लास्टिक एंड कॉस्मेटिक सर्जरी
नार्मल डिलेवरी
सीजेरियन डिलेवरी
लेप्रोस्कोपिक सर्जरी
जनरल सर्जरी
आई.सी.यू. वार्ड
सेमी. प्राइवेट वार्ड
जनरल वार्ड
मॉड्यूलर ऑपरेशन थियेटर
हेयर ट्रांसप्लांट
भर्ती मरीजों के लिए निःशुल्क भोजन की व्यवस्था
सभी प्रकार की सर्जरी एवं भर्ती की सुविधा उपलब्ध

ग्रामीणों को वेक्सीनेशन और सैम्पलिंग के प्रति किया प्रेरित

जनपद ढीमरखेड़ा सीईओ ने आदिवासी बाहुल्य ग्राम कोठी में लगाई चौपाल

कटनी। ग्रामीण क्षेत्रों में कोविड संक्रमण से बचाव, वेक्सीनेशन तथा सैम्पलिंग को लेकर विभिन्न जनजागरुकता की गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। इस कार्य में शासन-प्रशासन सहित ग्रामस्तर पर कार्यरत अमला सतत् रुप से जुटा हुआ है। इसी क्रम में शुक्रवार को ढीमरखेड़ा विकासखण्ड में सीईओ जनपद विनोद पाण्डेय ने भी ग्रामीणों को वेक्सीनेशन के प्रति जागरुक किया। विकासखण्ड के आदिवासी बाहुल्य ग्राम कोठी के ग्रामीणों को तहसील क्षेत्र अंतर्गत आने वाले आदिवासी बाहुल्य ग्राम कोठी में दोपहर ग्राम पंचायत भवन में जनपद सीईओ श्री पांडे के द्वारा चौपाल लगाकर ग्रामीणों को वैक्सीन लगवाने एवं सेम्पलिंग करवाने के संबंध में समझाईश दी गई। इस दौरान उन्होने ग्रामीणों को प्रेरित करते हुये कहा कि कोरोना महामारी से बचाव के लिए वैक्सीन लगवाना आवश्यक है। इसके साथ ही उन्होने कहा कि वैक्सीन के संबंध में जो अफवाहें फैली हैं, वे बिल्कुल निराधार हैं। झूठी बातों में आकर आप अपनी जान से खिलवाड़ ना करें। सीईओ जनपद ने कहा कि वैक्सीन लगवाने से ही महामारी से बचा जा सकता है। मौसमी बीमारियों के कारण सेम्पलिंग करवाना अनिवार्य है। सेंपलिंग करवाने से अगर पता चलता है कि कोरोना के लक्षण तो उपचार करा कर आप सुरक्षित रह सकते है। जिसपर ग्रामीणों ने सैंपलिंग करवाने एवं शत प्रतिशत बेक्सीन लगवाने के संबंध में अपनी सहमति जताई। इस दौरान सहायक यंत्री इकबाल खान उपयंत्री मनीष हल्ड्कार सहित अन्य संबंधित अधिकारी, कर्मचारी भी मौजूद रहे।

कैमोर पुलिस ने ली बैंक प्रबंधकों व पेट्रोल पंप संचालकों की बैठक

सुरक्षा को लेकर दिए अहम सुझाव

कटनी। पुलिस अधीक्षक मयंक अवस्थी के निर्देश पर शुक्रवार को थाना कैमोर परिसर में नगर के सभी बैंकों के प्रबंधकों और पेट्रोल पंप के संचालकों की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में बैंक परिसर के आसपास ग्राहकों के साथ चोरी एवं लूट की घटनाओं की रोकथाम के लिए निर्देश दिए गए। सभी बैंकों में सीसीटीवी कैमरे नाइट विजन की सुविधा के साथ एव सुरक्षा गार्ड को लगाए जाने के लिए बताया गया। नगर के सभी बैंकों में आने जाने वाले ग्राहकों का प्रवेश द्वार पर रजिस्टर में जानकारी लिखे जाने हेतु निर्देशित किया गया। जिससे अनावश्यक संदिग्ध व्यक्ति बैंक में आकर किसी प्रकार की वारदात ना करें। बैंक प्रबंधकों को कोरोना प्रोटोकॉल का पालन करते हुए सोशल डिस्टेंसिंग के साथ बैंकिंग कार्य किए जाने हेतु निर्देशित किया गया। इसी तरह पेट्रोल पंप संचालकों को भी पेट्रोल पंप के आसपास सीसीटीण्वी कैमरे चालू हालत में लगाए जाने हेतु बताया गया। नो मास्क नो सर्विस के तहत बिना मास्क वाले व्यक्ति को पेट्रोल डीजल नहीं प्रदान किए जाने हेतु निर्देशित किया गया। बैठक में भारतीय स्टेट बैंक से विवेक प्रकाश, बैंक ऑफ बड़ौदा से मनीष विश्वकर्मा, मध्यप्रदेश ग्रामीण बैंक से प्रभात, पंजाब नेशनल बैंक के प्रबंधक एवं कैमोर नगर के सभी पेट्रोल पंप के संचालक उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि बैंकों में लगातार पुलिस द्वारा चेकिंग भी बढ़ा दी गई है। बैंक में आने जाने वाले लोगों से पुलिस द्वारा पूछताछ की जा रही है।

झूठा मामला दर्ज किए जाने के मामले ने पकड़ा तूल

एसपी से मिले तुअर दाल मिल संघ के सदस्य,झिंझरी चौकी प्रभारी को हटाए जाने की मांग

कटनी। झिंझरी पुलिस द्वारा एक ट्रक चालक की रिपोर्ट पर दाल मिल व्यापारी के विरूद्ध मामला दर्ज किए जाने के मामले ने तूल पकड़ लिया है। कटनी तुअर दाल मिल संघ ने गत दिवस एसपी मयंक अवस्थी से मिलकर एक ज्ञापन सौंपा और पूरे मामले में झिंझरी चौकी प्रभारी पर झूठी रिपोर्ट दर्ज करने और धमकाने का आरोप लगाते हुए कार्यवाही की मांग की। एसपी को दिए गए ज्ञापन में संजय फूड प्रोडक्ट के संचालक अरूण, संजय एवं वीरेन्द्र तीर्थानी ने बताया कि विगत 8 जून को ट्रक से 70 बोरी दलहन तुअर आया था। माल जब अनलोड हुआ तो 60 बोरा तुअर गीली तथा 10 बोरा दलहन घटिया क्वालिटी की निकली। जिस पर तुअर भेजने वाले बात की गई तो उसका कहना था कि इस पूरे मामले में ट्रांसपोर्टर व ड्राईवर की गलती है। ड्राईवर और ट्रांसपोर्टर की लापरवाही के कारण तुअर गीली हुई। इसकी नुकसानी ड्राईवर और ट्रांसपोर्टर के भाड़े से काटकर भुगतान किया जाए। इसकी जानकारी ड्राईवर इबादत मंसूरी पिता शेख मंसूरी को दी गई, तब ट्रक चालक इबादत मंसूरी ने शराब के नशे में धुत्त होकर संजय फूड प्रोडक्ट्स के संचालक से गाली गलौज की और झिंझरी पुलिस चौकी पहुंचकर झूठी रिपोर्ट दर्ज करवा दी। ज्ञापन में कहा गया है कि इस मामले की शिकायत लेकर संघ के सदस्य झिंझरी पुलिस चौकी पहुंचे और चौकी प्रभारी रश्मि सोनकर को बताया कि यह मामला पुलिस का नहीं बल्कि व्यापारिक संव्यवहार का है, तब चौकी प्रभारी द्वारा धमकाया गया। कटनी तुअर दाल मिल संघ के वरिष्ठ संरक्षक समाजसेवी गंगाराम कटारिया, संजय फूड प्रोडक्ट के संचालक अरूण तीर्थानी, संजय, वीरेन्द्र तीर्थानी, मनीष गेईं, प्रकाश आहूजा, चेतन हिन्दूजा, राजकुमार माखीजा, चीनी चेलानी, श्याम पंजवानी, सोनू नागवानी, हीरालाल सेजवानी, नंदलाल टहलरमानी, खीयल चावला, कालू डोडानी, कालू तीर्थानी, रमेश वाधवानी एवं बंटू रोहरा आदि ने चौकी प्रभारी रश्मि सोनकर को चौकी से हटए जाने, मामला पंजीबद्ध करने के कारण निलंबित किए जाने एवं दर्ज किए गए झूठे मामले की जांच किए जाने की मांग पुलिस अधीक्षक से की है।

कई एसआई, एएसआई, प्रआ व आरक्षक इधर से उधर

कटनी। पुलिस अधीक्षक मयंक अवस्थी ने उपनिरीक्षक, सहायक उपनिरीक्षक, प्रधान आरक्षक व आरक्षकों को इधर से उधर किया है। जानकारी के अनुसार उपनिरीक्षक विनोद सिंह को कोतवाली से विजयराघवगढ़, सहायक उपनिरीक्षक बहाव खान को माधवनगर नगर से स्लीमनाबाद, प्रधान आरक्षक अविनाश मिश्रा कुठला से विजयराघवगढ़, सुजीत अली को रंगनाथ से यातायात, प्रधान आरक्षक रामप्रकाश तिवारी, नरेंद्र सिकरवार, लालजी तिवारी व आरक्षक कनिष्ट सिंह परिहार को कोतवाली से पुलिस लाइन, आरक्षक राहुल सिंह व राजू सिंह मार्को को कोतवाली से कुठला पदस्थ किया है। इसी प्रकार आरक्षक भुवनेश्वर बागरी को माधवनगर से कोतवाली, अरविंद सिंह कुठला से रंगनाथ नगर, करण सिंह कुठला से एनकेजे, बुधराज सिंह कुठला से कोतवाली पदस्थ किया गया है।

आग में घर गृहस्थी का सामान जलकर खाक

कटनी। रंगनाथनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत कावसजी वार्ड में गुरुवार-शुक्रवार की दरम्यानी रात दीपक वंशकार के घर में अचानक आग लग गई। जिससे दीपक के घर और कबाड़ के गोदाम में सारा सामान जलकर खाक हो गया। आग लगने की सूचना नगर निगम को दी गई। जिस पर तीन फायर ब्रिगेड की मदद से आग को बुझाया गया। गृहस्थी का जलकर खाक हुए मलबे को नगर निगम के जेसीबी से हटाया। स्थानीय निवर्तमान पार्षद राजेश जाटव ने बताया कि आग से करीब दो लाख रुपये का नुकसान हुआ है। आग की वजह शॉर्ट सर्किट बताई जा रही है। पुलिस मौके पर पहुंचकर आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

बढ़ती महंगाई के विरोध में कांग्रेस का प्रदर्शन

विधायक की मौजूदगी में ढीमरखेड़ा में पेट्रोल पंप के पास दिया धरना, सौंपा ज्ञापन

उमरियापान। ढीमरखेड़ा तहसील में पेट्रोल पंप के पास कल दोपहर बड़वारा विधायक बसंत सिंह और जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के अध्यक्ष ठाकुर गुमान सिंह की मौजूदगी में कांग्रेस कार्यकर्ता एकत्रित हुए। पेट्रोल पंप में काले झंडे और तख्ती लेकर पेट्रोल, डीजल, रसोई गैस, खाने के तेल में बढ़ती कीमतों व बेलगाम महंगाई को लेकर काफी देर तक धरना प्रदर्शन किया। इसके बाद कांग्रेस के पदाधिकारी और सभी कांग्रेस कार्यकर्ता रैली के रूप में एसडीएम कार्यालय पहुंचने और इस दौरान केंद्र और राज्य सरकार के खिलाफ जनकर नारेबाजी कर महामहीम राष्ट्रपति के नाम एसडीएम सपना त्रिपाठी को सांकेतिक ज्ञापन सौंपकर पेट्रोल, डीजल, रसोई गैस, खाने के तेल में बेलगाम महंगाई को कम नहीं किया गया तो उग्र आंदोलन किया जाएगा। प्रदर्शन के दौरान क्षेत्रीय विधायक बसन्त सिंह, जिलाध्यक्ष गुमान सिंह, आनंद मिश्रा, शिव कुमार चौरसिया, विजय दुबे, मोनू राय, विकास निगम, सिद्धार्थ दीक्षित, शैलेंद्र पौराणिक, स्वतंत्र संतू चौरसिया, विराट पांडे, अमित गर्ग, अभिषेक दुबे, रवि अवस्थी सहित अन्य कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे हैं।

अवैध शराब, महुआ लाहन के 30 गुम्मा नष्ट कराए

निवार पुलिस और आबकारी विभाग की दबिश

कटनी। कलेक्टर प्रियंक मिश्रा एवं पुलिस अधीक्षक मयंक अवस्थी के निर्देश पर थानों और चौकियों की पुलिस द्वारा अवैध शराब के विरूद्ध अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में निवार पुलिस ने आबकारी विभाग के साथ मिलकर संयुक्त रुप से ग्राम भनपुरा नंबर 1 के बेरिया मोहल्ला में दबिश दी जाकर अवैध शराब महुआ लहान के 30 गुम्मा भरे हुए नष्ट किए जा कर आबकारी विभाग द्वारा पांच प्रकरण आबकारी एक्ट के बनाए गए। आरोपी अपने.अपने घरों से पुलिस की दबिश होने से फरार हो गए। महिलाएं घर पर पाई गई, इसके अतिरिक्त अवैध शराब की भट्टी लगी हुई पाई गई। उन्हें भी नष्ट किया गया। करीब 5 लीटर कच्ची शराब जप्त की गई है। इस अभियान में आबकारी विभाग से अतिरिक्त जिल आबकारी अधिकारी जी पी केवट, आबकारी उप निरीक्षक शिवदत्त सिंह, महेंद्र शुक्ला एवं निवार चौकी प्रभारी नासिर हुसैन, सहायक उपनिरीक्षक केशव दुबे, प्रधान आरक्षक सत्येंद्र शुक्ला की सराहनीय भूमिका रही।

चिन्हित स्थलों से कराया सब्जी व फल का व्यवसाय



कटनी। नगर निगम के परिपालन में व्यवसायिक गतिविधियों को संचालित किया जाकर संक्रमण के प्रसार पर लगाम के प्रयास निगम के गठित दल के अधिकारियों कर्मचारियों द्वारा रोजाना प्रातः से किये जा रहे है। नोडल अधिकरी एवं उपायुक्त अशफाक परवेज के निर्देशन में निगम के गठित अमले द्वारा रोजाना नगर के विभिन्न स्थलों मिशन चौक, थाना तिराहा, गांधी द्वार, सिल्वर टॉकीज मोड, गोल बाजार रामलीला मैदान क्षेत्र, झंडा बाजार, सुभाष चौक, विश्कर्मा पार्क, बिलैया तलैया सब्जी मंडी, माईनदी ओव्हर ब्रिज के मुख्य मार्गो उपनगरीय क्षेत्र माधवनगर के विभिन्न मार्गो का निरीक्षण किया जाकर सार्वजनिक स्थलों पर अनाधिकृत रूप से बैठकर अथवा फ्लों का ठेला लगाकर व्यवसाय करनें वाले फुटकर दुकानदारों को फारेस्टर प्लेग्राण्ड एवं साधूराम स्कूल परिसर भेजकर व्यवस्थित रूप से व्यवसाय संचालित करानें की कार्यवाही की गई। जिला प्रशासन द्वारा चिन्हित सब्जी एवं फ्ल व्यवसाय हेतु अस्थाई स्थलों में नागरिकों की सुविधाओं को दृष्टिगत रखते हुए रोजाना साफ सफाई कराई जाकर निर्धारित दूरी पर चूने की लाईनिंग का कार्य कराया जाकर व्यवस्थित रूप से सब्जी व्यवसाईयों को बैठालनें, मास्क, सोशल डिस्टेंसिंग एवं अन्य आवश्यक सावधानियों को अपनाकर संक्रमण के प्रसार को रोकनें की आवश्यक कार्यवही स्थल पर उपस्थित अधिकारियों कर्मचारियों द्वारा की गई। संक्रमण के प्रसार पर नियंत्रण लगानें एवं जारी आदेशों के अनुपालन में नगर के विभिन्न प्रमुख मार्गो स्टेशन सुभाष चौक, सिल्वर टॉकीज क्षेत्र, गर्ग चौराहा सहित अन्य स्थलों की दुकानों, प्रतिष्ठानों एवं फर्म के संचालकों को जारी आदेशों के परिपालन में अनुमती के आधार पर ही निर्धारित समय पर ही निर्धारित दिशा की दुकानें खोलकर व्यवसायिक गतिविधियों के संचालन कर संक्रमण के प्रसार को रोकनें में जिला प्रशासन का सहयोग प्रदान करनें व आदेश का उल्लंघन करनें पर चालानी कार्यवाही किये जानें की मुनादी का कार्य कराया गया।

जारी अनुमति अनुसार चिन्हित मार्गवार व्यवसायिक गतिविधियों के संचालन की अपील

कल कटनी पहुंच सकता है मानसून

कटनी। दो साल बाद समय से पहले कटनी जिले में मानसून दस्तक दे रहा है। यह किसानों और जिलेवासियों के लिए राहतभरी खबर है। पिछले तीन दिनों से जिले में जमकर बारिश हुई। हालांकि शुक्रवार को सुबह बादल छाए रहे लेकिन दोपहर बाद जमकर धूम व गर्मी रही। कृषि मौसम मौसम वैज्ञानिक संदीप कुमार चंद्रवंशी के अनुसार 10 जून को दक्षिण-पूर्व मध्यप्रदेश में मानसून पहुंच गया है। 13 से 14 जून के बीच में कटनी जिले में आने की संभावना है। हवा की दिशा पश्चिम दिशा से चलेगी। तापमान में गिरावट दर्ज की जाएगी। 12 से 16 जून तक मध्यम से भारी बारिश होने की संभावना है। किसानों के लिए कहा गया है कि उड़द-मूंग की फसल काट चुके हैं, उसे सुरक्षित कर लें। जिनकी कटाई नहीं हुई है वे आज शनिवार को कर लें, इसके बाद कटाई न करें।

करंट से भैंस की मौत

कटनी। विजयराघवगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पड़खुरी में पीएचइ ट्रांसफार्मर के पास विद्युत पोल की स्टे वायर में करंट लगने से नरेंद्र कुमार पटेल की भैंस की मौत हो गई है। सूचना पर पुलिस ने मामले को जांच में लिया है।

गीतों से ग्रामीणों को दे रहे टीकाकरण का सन्देश

ग्रामीण क्षेत्रों में जाकर लोगों को कर रहे हैं कोराना के प्रति जागरुक

कटनी। कोरोना संक्रमण से बचाव के लिये कोविड वेक्सीनेशन ही आपका सुरक्षा घेरा है। आप यह सुरक्षा कवच अपनायें और कोरोना का टीका जरुर लगवायें। यह जागरुकता जिले में जन जन तक पहुंचाने की दिशा में जिला प्रशासन द्वारा हरस्तर पर कार्य किया जा रहा है। जहां जिले के समस्त 6 विकासखण्डों में जागरुकता रथ के माध्यम से यह सन्देश लोगों तक पहुंचाया गया। कोरोना टीकाकरण को लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में व्याप्त भ्रांतियों को दूर किया गया। वहीं जनप्रतिनिधि भी कोविड वेक्सीनेशन के प्रति आमजन को जागरुक कर रहे हैं। स्वयं सेवी संस्थायें भी इस कार्य में आगे आई हैं। उनके द्वारा भी कार्य किया जा रहा है। कलेक्टर प्रियंक मिश्रा के निर्देशन में इलेक्शन मोड पर कार्ययोजना तैयार कर कोरोना टीकाकरण के कार्य में प्रशासनिक अमला जुटा है। कोरोना से लड़ाई जीतने के लिये टीकाकरण अपनाना जरुरी है। यह सन्देश जिले के ग्रामीण क्षेत्र के लोकगीत रचनाकार रामप्रसाद गोंटिया भी अपनी कला के माध्यम से दे रहे हैं। राम प्रसाद ने अब तक साक्षरता, स्वच्छता, पानी रोको अभियान सहित विभिन्न अभियानों के लिये गीत लिखे हैं। अब उन्होने कोरोना टीकाकरण के प्रति जागरुकता लाने के उद्देश्य से तीन गीतों की रचना की है। वे स्वयं मनरेगा के तहत चल रहे कार्यों के स्थलों पर जाकर मजदूरों को भी अपने प्रेरक गीतों के माध्यम से टीकाकरण के प्रति प्रेरित कर रहे हैं।

संक्रमित होने के बाद जागरूक करने की ठानी

अपने अनुभव साझा करते हुये रामप्रसाद ने बताया कि वे भी कोरोनो संक्रमण से ग्रसित हो चुके हैं। 28 अप्रैल को उनकी रिपोर्ट पॉजीटिव आई थी। जिसके बाद जिला अस्पताल में उन्होने अपना उपचार कराया और 12 मई को स्वस्थ्य होकर घर पहुंचे। कुछ दिनों के आराम के बाद उन्होने अपने परिजनों, साथियों और ग्रामवासियों को कोरोना के प्रति सतर्कता बरतने और इससे बचाव के लिये टीकाकरण कराने के लिये प्रेरित करने का संकल्प लिया। इसके लिये उन्होने अपनी शब्द साधना को ही अपना हथियार बनाया। उन्होने तीन गीतों की रचना की। जिसे वे अब ग्रामीण क्षेत्रों में जाकर जगह-जगह आमजन को सुना रहे हैं, और उन्हें टीकाकरण का महत्व बता रहे हैं।

अब तक 598 लोग लगवा चुके हैं टीका

सभी के द्वारा बेहद पसंद किया जा रहा है। रामप्रसाद बताते हैं कि कोरोना से पूर्ण रुप से स्वस्थ्य होने के बाद मैने यह पहला गीत लिखा था। इस गीत में टीकाकरण के महत्व की जानकारी और उससे होने वाले लाभ का महत्व बताया गया है। वे आगे कोविड अनुकूल व्यवहार पर आधारित भी लिख रहे हैं। श्री गोंटिया ने बताया कि उनकी ग्राम पंचायत में अब तक 598 लोगों ने कोरोना का टीका लगवा लिया है। गांव के युवा भी टीका लगवाने के लिये प्रेरित हुये हैं।

गांव को कोरोना मुक्त बनाना है...

रामप्रसाद ने ठाना है कि उन्हें अपने गांव को कोरोना मुक्त बनाना है। इसलिये सबको कोरोना का टीका लगवाना है। इसके लिये उन्होने अपने हुनर का उपयोग किया। वे कहते हैं कि समाज के लिये आज बेहद जरुरी है कि हर व्यक्ति एक दूसरे को, जिन्हे वह कोरोना टीका का महत्व बता सकता है, बताये। समाज की रक्षा के लिये और अपने परिवार की रक्षा के लिये टीकाकरण बेहद जरुरी है। इस कार्य में जब एक छोटे से गांव में रहने के बाद मैं सहयोग कर सकता हूं, तो सभी व्यक्तियों को सहयोग करना चाहिये, अपने घर, अपने गांव और अपने मोहल्ले को बचाने के लिये।

सजगता और सतर्कता के साथ कार्य कर रहीं आशा कार्यकर्ता

कटनी। जिले में कोविड-19 संक्रमण से बचाव के लिये हर संभव प्रयास शासन-प्रशासन स्तर पर जारी है। वहीं ग्रामीणस्तर पर भी तैनात अमले द्वारा जहां संक्रमण की रोकथाम के लिये प्रयास किये जा रहे हैं। वहीं आमजन को कोविड-19 से के संक्रमण से बचाव, वेक्सीनेशन तथा मास्क, सैनीटाईजर और दो गज की दूरी रखने संबंधी सलाह भी दी जा रही है। इस कार्य में ग्रामस्तर पर आशा, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, आंगनबाड़ी सहायिका, एएनएम भी अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। विकासखण्ड कन्हवारा अंतर्गत ग्राम जुहली में कार्यरत आशा कार्यकर्ता भी अपने दायित्वों का सजगता के साथ निर्वहन कर रही हैं। उन्होने बताया कि 27 अप्रैल को ग्राम के ही एक परिवार में लॉकडाउन होने के बाद भी अपनी बेटी की शादी ग्राम में ही हुई। परिवार वाले एवं पड़ोसी इस विवाह में शामिल हुऐ। इसके कुछ दिन बाद जानकारी प्राप्त हुई कि इस शादी में शामिल एक व्यक्ति की मृत्यु कोविड सक्रमण होने के कारण हो गई। जिसके बाद जैसे ही आशा कार्यकर्ता जयंती तोमर को इसकी जानकारी मिली, उन्होने तत्काल इसकी सुचना अपने आशा सहयोगी एवं विकासखण्ड स्तर पर इसकी जानकारी दी। विकासखण्ड स्तर से आरबीएसके दल (आरआरटी, सेम्पलिग दल) ग्राम में आकर इसके पुरे मोहल्ले के 42 लोगो कर कोविड टेस्ट कराया गया। आशा के त्वरित प्रयासों से 42 लोगो के सेम्पलिग में से 09 लोगे सक्रमित पॉजिटिव पाये गये। इस सभी सक्रमितों का होम क्वारटीन किया गया। आशा कार्यकर्ता श्रीमति तोमर की सुझबुझ एवं सक्रियता से पुरे ग्राम मे सक्रमण फैलने से रोकने में काफी मदद मिली। इसके साथ ही आशा कार्यकर्ता सतत् रुप से ग्राम में किल कोरोना अभियान के तहत सर्वे कार्य में भी जुटी हुई है। जिसके तहत सतत निगरानी करते हुऐ लोगो के स्वास्थ्य की जानकारी किल करोना सर्वे मे उनके द्वारा ली जा रही है।

कैमोर पुलिस ने ली बैंक प्रबंधकों व पेट्रोल पंप संचालकों की बैठक

सुरक्षा को लेकर दिए अहम सुझाव

कटनी। पुलिस अधीक्षक मयंक अवस्थी के निर्देश पर शुक्रवार को थाना कैमोर परिसर में नगर के सभी बैंकों के प्रबंधकों और पेट्रोल पंप के संचालकों की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में बैंक परिसर के आसपास ग्राहकों के साथ चोरी एवं लूट की घटनाओं की रोकथाम के लिए निर्देश दिए गए। सभी बैंकों में सीसीटीवी कैमरे नाइट विजन की सुविधा के साथ एव सुरक्षा गार्ड को लगाए जाने के लिए बताया गया। नगर के सभी बैंकों में आने जाने वाले ग्राहकों का प्रवेश द्वार पर रजिस्टर में जानकारी लिखे जाने हेतु निर्देशित किया गया। जिससे अनावश्यक संदिग्ध व्यक्ति बैंक में आकर किसी प्रकार की वारदात ना करें। बैंक प्रबंधकों को कोरोना प्रोटोकॉल का पालन करते हुए सोशल डिस्टेंसिंग के साथ बैंकिंग कार्य किए जाने हेतु निर्देशित किया गया। इसी तरह पेट्रोल पंप संचालकों को भी पेट्रोल पंप के आसपास सीसीटीण्वी कैमरे चालू हालत में लगाए जाने हेतु बताया गया। नो मास्क नो सर्विस के तहत बिना मास्क वाले व्यक्ति को पेट्रोल डीजल नहीं प्रदान किए जाने हेतु निर्देशित किया गया। बैठक में भारतीय स्टेट बैंक से विवेक प्रकाश, बैंक ऑफ बड़ौदा से मनीष विश्वकर्मा, मध्यप्रदेश ग्रामीण बैंक से प्रभात, पंजाब नेशनल बैंक के प्रबंधक एवं कैमोर नगर के सभी पेट्रोल पंप के संचालक उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि बैंकों में लगातार पुलिस द्वारा चेकिंग भी बढ़ा दी गई है। बैंक में आने जाने वाले लोगों से पुलिस द्वारा पूछताछ की जा रही है।

झूठा मामला दर्ज किए जाने के मामले ने पकड़ा तूल

एसपी से मिले तुअर दाल मिल संघ के सदस्य,झिंझरी चौकी प्रभारी को हटाए जाने की मांग

कटनी। झिंझरी पुलिस द्वारा एक ट्रक चालक की रिपोर्ट पर दाल मिल व्यापारी के विरूद्ध मामला दर्ज किए जाने के मामले ने तूल पकड़ लिया है। कटनी तुअर दाल मिल संघ ने गत दिवस एसपी मयंक अवस्थी से मिलकर एक ज्ञापन सौंपा और पूरे मामले में झिंझरी चौकी प्रभारी पर झूठी रिपोर्ट दर्ज करने और धमकाने का आरोप लगाते हुए कार्यवाही की मांग की। एसपी को दिए गए ज्ञापन में संजय फूड प्रोडक्ट के संचालक अरूण, संजय एवं वीरेन्द्र तीर्थानी ने बताया कि विगत 8 जून को ट्रक से 70 बोरी दलहन तुअर आया था। माल जब अनलोड हुआ तो 60 बोरा तुअर गीली तथा 10 बोरा दलहन घटिया क्वालिटी की निकली। जिस पर तुअर भेजने वाले बात की गई तो उसका कहना था कि इस पूरे मामले में ट्रांसपोर्टर व ड्राईवर की गलती है। ड्राईवर और ट्रांसपोर्टर की लापरवाही के कारण तुअर गीली हुई। इसकी नुकसानी ड्राईवर और ट्रांसपोर्टर के भाड़े से काटकर भुगतान किया जाए। इसकी जानकारी ड्राईवर इबादत मंसूरी पिता शेख मंसूरी को दी गई, तब ट्रक चालक इबादत मंसूरी ने शराब के नशे में धुत्त होकर संजय फूड प्रोडक्ट्स के संचालक से गाली गलौज की और झिंझरी पुलिस चौकी पहुंचकर झूठी रिपोर्ट दर्ज करवा दी। ज्ञापन में कहा गया है कि इस मामले की शिकायत लेकर संघ के सदस्य झिंझरी पुलिस चौकी पहुंचे और चौकी प्रभारी रश्मि सोनकर को बताया कि यह मामला पुलिस का नहीं बल्कि व्यापारिक संव्यवहार का है, तब चौकी प्रभारी द्वारा धमकाया गया। कटनी तुअर दाल मिल संघ के वरिष्ठ संरक्षक समाजसेवी गंगाराम कटारिया, संजय फूड प्रोडक्ट के संचालक अरूण तीर्थानी, संजय, वीरेन्द्र तीर्थानी, मनीष गेईं, प्रकाश आहूजा, चेतन हिन्दूजा, राजकुमार माखीजा, चीनी चेलानी, श्याम पंजवानी, सोनू नागवानी, हीरालाल सेजवानी, नंदलाल टहलरमानी, खीयल चावला, कालू डोडानी, कालू तीर्थानी, रमेश वाधवानी एवं बंटू रोहरा आदि ने चौकी प्रभारी रश्मि सोनकर को चौकी से हटए जाने, मामला पंजीबद्ध करने के कारण निलंबित किए जाने एवं दर्ज किए गए झूठे मामले की जांच किए जाने की मांग पुलिस अधीक्षक से की है।

कई एसआई, एएसआई, प्रआ व आरक्षक इधर से उधर

कटनी। पुलिस अधीक्षक मयंक अवस्थी ने उपनिरीक्षक, सहायक उपनिरीक्षक, प्रधान आरक्षक व आरक्षकों को इधर से उधर किया है। जानकारी के अनुसार उपनिरीक्षक विनोद सिंह को कोतवाली से विजयराघवगढ़, सहायक उपनिरीक्षक बहाव खान को माधवनगर नगर से स्लीमनाबाद, प्रधान आरक्षक अविनाश मिश्रा कुठला से विजयराघवगढ़, सुजीत अली को रंगनाथ से यातायात, प्रधान आरक्षक रामप्रकाश तिवारी, नरेंद्र सिकरवार, लालजी तिवारी व आरक्षक कनिष्ट सिंह परिहार को कोतवाली से पुलिस लाइन, आरक्षक राहुल सिंह व राजू सिंह मार्को को कोतवाली से कुठला पदस्थ किया है। इसी प्रकार आरक्षक भुवनेश्वर बागरी को माधवनगर से कोतवाली, अरविंद सिंह कुठला से रंगनाथ नगर, करण सिंह कुठला से एनकेजे, बुधराज सिंह कुठला से कोतवाली पदस्थ किया गया है।

आग में घर गृहस्थी का सामान जलकर खाक

कटनी। रंगनाथनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत कावसजी वार्ड में गुरुवार-शुक्रवार की दरम्यानी रात दीपक वंशकार के घर में अचानक आग लग गई। जिससे दीपक के घर और कबाड़ के गोदाम में सारा सामान जलकर खाक हो गया। आग लगने की सूचना नगर निगम को दी गई। जिस पर तीन फायर ब्रिगेड की मदद से आग को बुझाया गया। गृहस्थी का जलकर खाक हुए मलबे को नगर निगम के जेसीबी से हटाया। स्थानीय निवर्तमान पार्षद राजेश जाटव ने बताया कि आग से करीब दो लाख रुपये का नुकसान हुआ है। आग की वजह शॉर्ट सर्किट बताई जा रही है। पुलिस मौके पर पहुंचकर आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

बढ़ती महंगाई के विरोध में कांग्रेस का प्रदर्शन

विधायक की मौजूदगी में ढीमरखेड़ा में पेट्रोल पंप के पास दिया धरना, सौंपा ज्ञापन

उमरियापान। ढीमरखेड़ा तहसील में पेट्रोल पंप के पास कल दोपहर बड़वारा विधायक बसंत सिंह और जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के अध्यक्ष ठाकुर गुमान सिंह की मौजूदगी में कांग्रेस कार्यकर्ता एकत्रित हुए। पेट्रोल पंप में काले झंडे और तख्ती लेकर पेट्रोल, डीजल, रसोई गैस, खाने के तेल में बढ़ती कीमतों व बेलगाम महंगाई को लेकर काफी देर तक धरना प्रदर्शन किया। इसके बाद कांग्रेस के पदाधिकारी और सभी कांग्रेस कार्यकर्ता रैली के रूप में एसडीएम कार्यालय पहुंचने और इस दौरान केंद्र और राज्य सरकार के खिलाफ जनकर नारेबाजी कर महामहीम राष्ट्रपति के नाम एसडीएम सपना त्रिपाठी को सांकेतिक ज्ञापन सौंपकर पेट्रोल, डीजल, रसोई गैस, खाने के तेल में बेलगाम महंगाई को कम नहीं किया गया तो उग्र आंदोलन किया जाएगा। प्रदर्शन के दौरान क्षेत्रीय विधायक बसन्त सिंह, जिलाध्यक्ष गुमान सिंह, आनंद मिश्रा, शिव कुमार चौरसिया, विजय दुबे, मोनू राय, विकास निगम, सिद्धार्थ दीक्षित, शैलेंद्र पौराणिक, स्वतंत्र संतू चौरसिया, विराट पांडे, अमित गर्ग, अभिषेक दुबे, रवि अवस्थी सहित अन्य कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे हैं।

अवैध शराब, महुआ लाहन के 30 गुम्मा नष्ट कराए

निवार पुलिस और आबकारी विभाग की दबिश

कटनी। कलेक्टर प्रियंक मिश्रा एवं पुलिस अधीक्षक मयंक अवस्थी के निर्देश पर थानों और चौकियों की पुलिस द्वारा अवैध शराब के विरूद्ध अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में निवार पुलिस ने आबकारी विभाग के साथ मिलकर संयुक्त रुप से ग्राम भनपुरा नंबर 1 के बेरिया मोहल्ला में दबिश दी जाकर अवैध शराब महुआ लहान के 30 गुम्मा भरे हुए नष्ट किए जा कर आबकारी विभाग द्वारा पांच प्रकरण आबकारी एक्ट के बनाए गए। आरोपी अपने.अपने घरों से पुलिस की दबिश होने से फरार हो गए। महिलाएं घर पर पाई गई, इसके अतिरिक्त अवैध शराब की भट्टी लगी हुई पाई गई। उन्हें भी नष्ट किया गया। करीब 5 लीटर कच्ची शराब जप्त की गई है। इस अभियान में आबकारी विभाग से अतिरिक्त जिल आबकारी अधिकारी जी पी केवट, आबकारी उप निरीक्षक शिवदत्त सिंह, महेंद्र शुक्ला एवं निवार चौकी प्रभारी नासिर हुसैन, सहायक उपनिरीक्षक केशव दुबे, प्रधान आरक्षक सत्येंद्र शुक्ला की सराहनीय भूमिका रही।

चिन्हित स्थलों से कराया सब्जी व फल का व्यवसाय



कटनी। नगर निगम के परिपालन में व्यवसायिक गतिविधियों को संचालित किया जाकर संक्रमण के प्रसार पर लगाम के प्रयास निगम के गठित दल के अधिकारियों कर्मचारियों द्वारा रोजाना प्रातः से किये जा रहे है। नोडल अधिकरी एवं उपायुक्त अशफाक परवेज के निर्देशन में निगम के गठित अमले द्वारा रोजाना नगर के विभिन्न स्थलों मिशन चौक, थाना तिराहा, गांधी द्वार, सिल्वर टॉकीज मोड, गोल बाजार रामलीला मैदान क्षेत्र, झंडा बाजार, सुभाष चौक, विश्कर्मा पार्क, बिलैया तलैया सब्जी मंडी, माईनदी ओव्हर ब्रिज के मुख्य मार्गो उपनगरीय क्षेत्र माधवनगर के विभिन्न मार्गो का निरीक्षण किया जाकर सार्वजनिक स्थलों पर अनाधिकृत रूप से बैठकर अथवा फ्लों का ठेला लगाकर व्यवसाय करनें वाले फुटकर दुकानदारों को फारेस्टर प्लेग्राण्ड एवं साधूराम स्कूल परिसर भेजकर व्यवस्थित रूप से व्यवसाय संचालित करानें की कार्यवाही की गई। जिला प्रशासन द्वारा चिन्हित सब्जी एवं फ्ल व्यवसाय हेतु अस्थाई स्थलों में नागरिकों की सुविधाओं को दृष्टिगत रखते हुए रोजाना साफ सफाई कराई जाकर निर्धारित दूरी पर चूने की लाईनिंग का कार्य कराया जाकर व्यवस्थित रूप से सब्जी व्यवसाईयों को बैठालनें, मास्क, सोशल डिस्टेंसिंग एवं अन्य आवश्यक सावधानियों को अपनाकर संक्रमण के प्रसार को रोकनें की आवश्यक कार्यवही स्थल पर उपस्थित अधिकारियों कर्मचारियों द्वारा की गई। संक्रमण के प्रसार पर नियंत्रण लगानें एवं जारी आदेशों के अनुपालन में नगर के विभिन्न प्रमुख मार्गो स्टेशन सुभाष चौक, सिल्वर टॉकीज क्षेत्र, गर्ग चौराहा सहित अन्य स्थलों की दुकानों, प्रतिष्ठानों एवं फर्म के संचालकों को जारी आदेशों के परिपालन में अनुमती के आधार पर ही निर्धारित समय पर ही निर्धारित दिशा की दुकानें खोलकर व्यवसायिक गतिविधियों के संचालन कर संक्रमण के प्रसार को रोकनें में जिला प्रशासन का सहयोग प्रदान करनें व आदेश का उल्लंघन करनें पर चालानी कार्यवाही किये जानें की मुनादी का कार्य कराया गया।

जारी अनुमति अनुसार चिन्हित मार्गवार व्यवसायिक गतिविधियों के संचालन की अपील

कल कटनी पहुंच सकता है मानसून

कटनी। दो साल बाद समय से पहले कटनी जिले में मानसून दस्तक दे रहा है। यह किसानों और जिलेवासियों के लिए राहतभरी खबर है। पिछले तीन दिनों से जिले में जमकर बारिश हुई। हालांकि शुक्रवार को सुबह बादल छाए रहे लेकिन दोपहर बाद जमकर धूम व गर्मी रही। कृषि मौसम मौसम वैज्ञानिक संदीप कुमार चंद्रवंशी के अनुसार 10 जून को दक्षिण-पूर्व मध्यप्रदेश में मानसून पहुंच गया है। 13 से 14 जून के बीच में कटनी जिले में आने की संभावना है। हवा की दिशा पश्चिम दिशा से चलेगी। तापमान में गिरावट दर्ज की जाएगी। 12 से 16 जून तक मध्यम से भारी बारिश होने की संभावना है। किसानों के लिए कहा गया है कि उड़द-मूंग की फसल काट चुके हैं, उसे सुरक्षित कर लें। जिनकी कटाई नहीं हुई है वे आज शनिवार को कर लें, इसके बाद कटाई न करें।

करंट से भैंस की मौत

कटनी। विजयराघवगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पड़खुरी में पीएचइ ट्रांसफार्मर के पास विद्युत पोल की स्टे वायर में करंट लगने से नरेंद्र कुमार पटेल की भैंस की मौत हो गई है। सूचना पर पुलिस ने मामले को जांच में लिया है।

गीतों से ग्रामीणों को दे रहे टीकाकरण का सन्देश

ग्रामीण क्षेत्रों में जाकर लोगों को कर रहे हैं कोराना के प्रति जागरुक

कटनी। कोरोना संक्रमण से बचाव के लिये कोविड वेक्सीनेशन ही आपका सुरक्षा घेरा है। आप यह सुरक्षा कवच अपनायें और कोरोना का टीका जरुर लगवायें। यह जागरुकता जिले में जन जन तक पहुंचाने की दिशा में जिला प्रशासन द्वारा हरस्तर पर कार्य किया जा रहा है। जहां जिले के समस्त 6 विकासखण्डों में जागरुकता रथ के माध्यम से यह सन्देश लोगों तक पहुंचाया गया। कोरोना टीकाकरण को लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में व्याप्त भ्रांतियों को दूर किया गया। वहीं जनप्रतिनिधि भी कोविड वेक्सीनेशन के प्रति आमजन को जागरुक कर रहे हैं। स्वयं सेवी संस्थायें भी इस कार्य में आगे आई हैं। उनके द्वारा भी कार्य किया जा रहा है। कलेक्टर प्रियंक मिश्रा के निर्देशन में इलेक्शन मोड पर कार्ययोजना तैयार कर कोरोना टीकाकरण के कार्य में प्रशासनिक अमला जुटा है। कोरोना से लड़ाई जीतने के लिये टीकाकरण अपनाना जरुरी है। यह सन्देश जिले के ग्रामीण क्षेत्र के लोकगीत रचनाकार रामप्रसाद गोंटिया भी अपनी कला के माध्यम से दे रहे हैं। राम प्रसाद ने अब तक साक्षरता, स्वच्छता, पानी रोको अभियान सहित विभिन्न अभियानों के लिये गीत लिखे हैं। अब उन्होने कोरोना टीकाकरण के प्रति जागरुकता लाने के उद्देश्य से तीन गीतों की रचना की है। वे स्वयं मनरेगा के तहत चल रहे कार्यों के स्थलों पर जाकर मजदूरों को भी अपने प्रेरक गीतों के माध्यम से टीकाकरण के प्रति प्रेरित कर रहे हैं।

संक्रमित होने के बाद जागरूक करने की ठानी

अपने अनुभव साझा करते हुये रामप्रसाद ने बताया कि वे भी कोरोनो संक्रमण से ग्रसित हो चुके हैं। 28 अप्रैल को उनकी रिपोर्ट पॉजीटिव आई थी। जिसके बाद जिला अस्पताल में उन्होने अपना उपचार कराया और 12 मई को स्वस्थ्य होकर घर पहुंचे। कुछ दिनों के आराम के बाद उन्होने अपने परिजनों, साथियों और ग्रामवासियों को कोरोना के प्रति सतर्कता बरतने और इससे बचाव के लिये टीकाकरण कराने के लिये प्रेरित करने का संकल्प लिया। इसके लिये उन्होने अपनी शब्द साधना को ही अपना हथियार बनाया। उन्होने तीन गीतों की रचना की। जिसे वे अब ग्रामीण क्षेत्रों में जाकर जगह-जगह आमजन को सुना रहे हैं, और उन्हें टीकाकरण का महत्व बता रहे हैं।

अब तक 598 लोग लगवा चुके हैं टीका

सभी के द्वारा बेहद पसंद किया जा रहा है। रामप्रसाद बताते हैं कि कोरोना से पूर्ण रुप से स्वस्थ्य होने के बाद मैने यह पहला गीत लिखा था। इस गीत में टीकाकरण के महत्व की जानकारी और उससे होने वाले लाभ का महत्व बताया गया है। वे आगे कोविड अनुकूल व्यवहार पर आधारित भी लिख रहे हैं। श्री गोंटिया ने बताया कि उनकी ग्राम पंचायत में अब तक 598 लोगों ने कोरोना का टीका लगवा लिया है। गांव के युवा भी टीका लगवाने के लिये प्रेरित हुये हैं।

गांव को कोरोना मुक्त बनाना है...

रामप्रसाद ने ठाना है कि उन्हें अपने गांव को कोरोना मुक्त बनाना है। इसलिये सबको कोरोना का टीका लगवाना है। इसके लिये उन्होने अपने हुनर का उपयोग किया। वे कहते हैं कि समाज के लिये आज बेहद जरुरी है कि हर व्यक्ति एक दूसरे को, जिन्हे वह कोरोना टीका का महत्व बता सकता है, बताये। समाज की रक्षा के लिये और अपने परिवार की रक्षा के लिये टीकाकरण बेहद जरुरी है। इस कार्य में जब एक छोटे से गांव में रहने के बाद मैं सहयोग कर सकता हूं, तो सभी व्यक्तियों को सहयोग करना चाहिये, अपने घर, अपने गांव और अपने मोहल्ले को बचाने के लिये।

सजगता और सतर्कता के साथ कार्य कर रहीं आशा कार्यकर्ता

कटनी। जिले में कोविड-19 संक्रमण से बचाव के लिये हर संभव प्रयास शासन-प्रशासन स्तर पर जारी है। वहीं ग्रामीणस्तर पर भी तैनात अमले द्वारा जहां संक्रमण की रोकथाम के लिये प्रयास किये जा रहे हैं। वहीं आमजन को कोविड-19 से के संक्रमण से बचाव, वेक्सीनेशन तथा मास्क, सैनीटाईजर और दो गज की दूरी रखने संबंधी सलाह भी दी जा रही है। इस कार्य में ग्रामस्तर पर आशा, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, आंगनबाड़ी सहायिका, एएनएम भी अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। विकासखण्ड कन्हवारा अंतर्गत ग्राम जुहली में कार्यरत आशा कार्यकर्ता भी अपने दायित्वों का सजगता के साथ निर्वहन कर रही हैं। उन्होने बताया कि 27 अप्रैल को ग्राम के ही एक परिवार में लॉकडाउन होने के बाद भी अपनी बेटी की शादी ग्राम में ही हुई। परिवार वाले एवं पड़ोसी इस विवाह में शामिल हुऐ। इसके कुछ दिन बाद जानकारी प्राप्त हुई कि इस शादी में शामिल एक व्यक्ति की मृत्यु कोविड सक्रमण होने के कारण हो गई। जिसके बाद जैसे ही आशा कार्यकर्ता जयंती तोमर को इसकी जानकारी मिली, उन्होने तत्काल इसकी सुचना अपने आशा सहयोगी एवं विकासखण्ड स्तर पर इसकी जानकारी दी। विकासखण्ड स्तर से आरबीएसके दल (आरआरटी, सेम्पलिग दल) ग्राम में आकर इसके पुरे मोहल्ले के 42 लोगो कर कोविड टेस्ट कराया गया। आशा के त्वरित प्रयासों से 42 लोगो के सेम्पलिग में से 09 लोगे सक्रमित पॉजिटिव पाये गये। इस सभी सक्रमितों का होम क्वारटीन किया गया। आशा कार्यकर्ता श्रीमति तोमर की सुझबुझ एवं सक्रियता से पुरे ग्राम मे सक्रमण फैलने से रोकने में काफी मदद मिली। इसके साथ ही आशा कार्यकर्ता सतत् रुप से ग्राम में किल कोरोना अभियान के तहत सर्वे कार्य में भी जुटी हुई है। जिसके तहत सतत निगरानी करते हुऐ लोगो के स्वास्थ्य की जानकारी किल करोना सर्वे मे उनके द्वारा ली जा रही है।

Haseen Dillruba के लिए तापसी पन्नू नहीं थीं पहली पसंद

Haseen Dilruba बॉलीवुड की दमदार एक्ट्रेस मानी जाने वाली तापसी पहली बार इस तरह का किरदार करती नजर आएंगी लेकिन क्या आप जानते हैं कि फिल्म के लिए वो पहली पसंद नहीं थीं। फिल्म के बारे में उन्होंने ये खुलासा खुद किया है।

नई दिल्ली। हसीन दिलरूबा के ट्रेलर रिलीज के साथ ही हर कोई तापसी पन्नू के स्क्रीन प्रेजेंस की तारीफ कर रहा है। फिल्म में तापसी के साथ विक्रांत मेस्सी और हर्षवर्धन राणे की मुख्य भूमिका है। हसीन दिलरूबा में डार्क ह्यूमर के साथ जबरदस्त थ्रील देखने को मिलने वाला है। तापसी के किरदार का नाम है रानी कश्यप जिसपर अपने पति रिशु (विक्रांत मेस्सी) के कत्ल का आरोप है।

तापसी नहीं थीं पहली पसंद

बॉलीवुड की दमदार एक्ट्रेस मानी जाने वाली तापसी पहली बार इस तरह का किरदार करती नजर आएंगी लेकिन क्या आप जानते हैं कि फिल्म के लिए वो पहली पसंद नहीं थीं। फिल्म के बारे में उन्होंने ये खुलासा खुद किया है।

एसे मिली थी फिल्म

तापसी कहती हैं कि 'हसीन दिलरुबा एक ऐसी फिल्म है कि जब मैंने पहली बार कनिका (फिल्म की राइटर) से इसका मूल विचार सुना था तभी ये जबरदस्त लगा था। दुर्भाग्य से मैं फिल्म के लिए पहली पसंद नहीं थी और यह मेरे पास तब आई जब सारे विकल्प बंद हो गए। वो कहते हैं ना कि अगर यह आपके लिए है तो यह आपके पास ही आएगी। इस केस में भी ऐसा ही हुआ है।'

लुक के साथ किए प्रयोग

तापसी ने आगे कहा, %मुझे खुशी है कि मुझे इस के साथ अपने लुक और प्रदर्शन के साथ प्रयोग करने का मौका मिला क्योंकि मैं निश्चित रूप से इस तरह के चरित्र के लिए फिट नहीं हूं, और हम सभी को रिस्क लेना पसंद है

कैसी है कहानी

फिल्म, जिसमें विक्रांत मेसी और हर्षवर्धन राणे भी हैं, एक ऐसी महिला के बारे में है, जिसका दिल कैद शब्दों की तरह जीने के लिए तरसता है, लेकिन जो खुद को अपने पति की हत्या में उलझा हुआ पाती है. विक्रांत ने फिल्म को हास्य, विचित्रता, बदला और रोमांस का एक आदर्श मिश्रण बताया है. उन्होंने कहा, %मुझे उम्मीद है कि यह दर्शकों को उतना ही आश्चर्यचकित करेगी, जितना कि पहली बार सुनकर मुझे हैरानी हुई थी. इसकी शूटिंग का एक रोमांचक अनुभव था.%

हर्षवर्धन को है ये उम्मीद

हर्षवर्धन %देश की बेहतरीन प्रतिभाओं% के साथ एक ही फ्रेम में होने के लिए सम्मानित महसूस करते हैं. उन्होंने कहा, %तापसी और विक्रांत में एक बात समान है कि आप कभी नहीं समझ सकता है कि वे कब मजाक कर रहे है, कब गंभीर है. मुझे उनके मजाक और बहाने को समझने के लिए हमेशा छोटी छोटी बारीकियों की तलाश करनी पड़ती थी.%

हसीन दिलरूबा में डार्क ह्यूमर के साथ जबरदस्त थ्रील देखने को मिलने वाला है। तापसी के किरदार का नाम है रानी कश्यप जिसपर अपने पति रिशु (विक्रांत मेस्सी) के कत्ल का आरोप है।

आप मुझे छोटी, मोटी कह सकते हैं पर शेरनी अपनी रास्ता खोज ही लेगी

नई दिल्ली। बॉलीवुड एक्ट्रेस विद्या हमेशा ही अपनी दमदार एक्टिंग से सबको चौंकती हैं। टीवी सीरियल से फिल्मी पर्दे तक के सफर में विद्या ने काफी स्ट्रगल किया है। फिल्म डर्टी पिक्चर से खुद को साबित करने वाली विद्या के लिए ये सफर आसान नहीं था, उन्हें आज भी लोगों के कमेंट का शिकार होना पड़ता है। वजन बढ़ जाने के कारण विद्या बालन पर बॉडी शेमिंग करने वाले मीम्स की बाढ़ आ गई है। एक इंटरव्यू के दौरान उन्होंने इसपर खुलकर बात की।

छलका विद्या का दर्द

%अगर कोई मुझे कहता है कि एक्टर के तौर पर मैं बहुत छोटी हूं, मोटी हूं, बहुत बोल्ड हूं, बेशर्म हूं या फिर बहुत समझदार हूं और जो कुछ भी हूं। मैं जैसी भी हूं खुद को बदल नहीं सकती लेकिन ये शेरनी अपना रास्ता जरूर चुन लेगी।

मैं खुद को बदल नहीं सकती

विद्या कहती हैं, मैं जो भी करती हूं उसके लिए मेरे पैशन ने मुझे ढूंढ लिया है क्योंकि मैं अपने बारे में कुछ भी नहीं बदल नहीं सकती, इसलिए मैं इन स्टीरियोटाइप सोच को तोड़ने के लिए तैयार नहीं थी। मैंने सिर्फ इतना कहा कि अगर यह काम नहीं करता है, तो यह बहुत बुरा है, इसे काम करना चाहिए क्योंकि मैं इसे काम लायक बनाने जा रही हूं। इसे काम करना है क्योंकि मैं एक एक्टर बनना चाहती हूं।

स्टीरियोटाइप सोच को तोड़ने के लिए तैयार नहीं थीं विद्या

विद्या ने कहा, मैं इन स्टीरियोटाइप सोच को तोड़ने के लिए तैयार नहीं थी, लेकिन मुझे लगता है कि जीवन में अपने अनुभवों के माध्यम से, विशेष रूप से एक एक्टर के रूप में, मैंने महसूस किया है कि मैं एक एक्टर होने के नाते अपने रास्ते में कुछ भी आने नहीं दूंगी। बता दें कि विद्या बालन की शेरनी जल्द ही ओटीटी पर रिलीज होने वाली है इससे पहले वो शकुंतला देवी में नजर आईं थीं

टीवी की Most Desirable Woman 2020 बनीं एरिका फर्नांडिस, बोलीं- मुझे अब तक यकीन नहीं हो रहा

नई दिल्ली। टाइम्स की मोस्ट डिजायरेबल वुमन 2020 की लिस्ट टीवी के कलाकारों के लिए सामने आ चुकी है। इस लिस्ट में छोटे पर्दे की प्रेरणा उर्फ अभिनेत्री एरिका फर्नांडिस टॉप पर आई हैं। एरिका भी इस लिस्ट में टॉप पर



आने के बाद काफी खुश हैं। बीते साल आई लिस्ट में एरिका का नाम इस लिस्ट में चौथे नंबर पर था। लेकिन इस बार आई लिस्ट पर एरिका को भी भरोसा नहीं हो रहा है।अपना नाम टॉप पर आने के बाद एरिका ने भी खुशी जाहिर की है। एएनआई के मुताबिक एरिका ने बात करते हुए बताया कि, %ऐसा लगता है कि जिंदगी वाकई एक गोले के समान है। मैंने अपने करियर की शुरुआत साल 2010 में टाइम्स फ्रेश फेस कॉन्टेस्ट जीतकर की थी, दो साल बाद मैं मिस इंडिया पीजांट की फाइलिस्ट थी, और अब मैंने टाइम्स की मोस्ट डिजायरेबल वुमन टीवी 2020 की लिस्ट में टॉप किया है। सच कहूं तो, मुजे अब तक भी इसपर यकीन नहीं पा रहा है। लेकिन मैं उन सभी लोगों का शुक्रिया अदा करना चाहूंगी जिन्होंने अब तक इस राह पर मेरा साथ दिया है।%इस लिस्ट में एरिका के अलावा टीवी की कई और अभिनेत्रियों का नाम भी शामिल है। इन एक्ट्रेसेज का नाम इस लिस्ट में इनकी टीवी पर पॉप्युलैरिटी, इंटरनल ज्यूरी के अलावा ऑनलाइन दिए गए वोटों के आधार पर दिया गया है और इनकी रैंकिंग भी इसी आधार पर दी गई है।बात करें एरिका के वर्कफ्रंट की तो इन दिनों टीवी शो %कुछ रंग प्यार के ऐसे भी 3 को लेकर अभिनेत्री चर्चा बटोर रही हैं। इसके अलावा उन्होंने कसौटी जिंदगी के 2 में प्रेरणा का किरदार भी निभाया था। इस किरदार से एरिका ने जबरदस्त पॉप्युलैरिटी बटोरी और अब वह फिर से अपने सोनाक्षी के किरदार में नजर आने वाली हैं।

निया शर्मा
जैस्मिन भसीन
सुरभी चांदना
जेनिफर विंगेट
करिश्मा तन्ना
सुरभि ज्योति
निक्की तंबोली
शिवांगी जोशी
रुबीना दिलैक
शहनाज गिल
निमृत कौर आहलुवालिया
अवनीत कौर
श्रद्धा आर्या
पवित्र पुनिया
अविका गौर
हिमांशी खुराना
आरुषी चावला
दिव्या अग्रवाल
प्रियंवदा कांत

नुसरत जहां का रहा विवादों से पुराना नाता

नुसरत ने 19 जनवरी 2019 को तुर्की में अपने ब्वॉयफ्रेंड निखिल जैन से शादी की थी। उनकी शादी शादी हिन्दू और इस्लामिक दोनों रीति-रिवाजों से हुई थी। शादी के बाद दोनों की कई तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आए थे।

नई दिल्ली। बंगल एक्ट्रेस और टीएमसी सांसद नुसरत जहां इन दिनों अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर काफी सुर्खियों में हैं। नुसरत राजनीति और एक्टिंग दोनों ही क्षेत्रों में अपने काम को लेकर फाफी चर्चा में रहती हैं। लेकिन इन दिनों वह अपनी पर्सनल लाइफ में चल रही उथल-पुथल की वजह से खबरों में छाई हैं। नुसरत ने 19 जनवरी, 2019 को तुर्की में अपने ब्वॉयफ्रेंड निखिल जैन से शादी की थी। उनकी शादी शादी हिन्दू और इस्लामिक दोनों रीति-रिवाजों से हुई थी। शादी के बाद दोनों की कई तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आए थे। लेकिन, हाल ही में टीएमसी सांसद नुसरत जहां ने अपनी शादी को अवैध बना दिया। उन्होंने कहा कि भारत में निखिल संग उनकी शादी वैध नहीं है। वहीं इसी बीच उनके प्रेग्नेंट होने की खबर भी खूब तूल पकड़ रही है। हाल ही में बेबी बंप के साथ नुसरत की एक तस्वीर भी सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रही है। ऐसा पहली बार नहीं है जब नुसरत जहां विवादों में आई हैं, उनका विवादों से पुराना नाता रहा है। आइए जानते हैं कुछ अनसुने पहलू...

1 30 सितंबर 2016 को नुसरत के कथित ब्वॉफ्रेंड कादर खान को घटना के चार साल बाद सामूहिक दुष्कर्म के मामले में गिरफ्तार किया गया था। वही उस दौरान एक्ट्रेस की शादी होने वाली थी। यही नहीं नुसरत पर भी एक अपराधी को पनाह देने का अरोल लगा था।

2 वहीं नुसरत17-18 जून 2019 को बाकी सांसदों के साथ शपथ ग्रहण समारोह में शामिल नहीं हुई थी। कथित तौर पर, वह %अस्वस्थ% थीं और उन्हें कोलकाता के अपोलो अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

3 खबरों की माने तो उनके बीमार होने के पीछे दो पहलू खबरों में थे। एक, लंबे समय से अस्थमा की समस्या के कारण उन्हें सांस की बीमारी हो गई थी। वहीं दूसरा, %ड्रग ओवरडोज% की वजह से उन्हें परेशान हुई थी। हालांकि उनके ड्रग वाली खबर को लेकर कोई पुख्ता सबूत नहीं मिले थे न ही नुसरत या उनके परिवार ने इसको लेकर कोई बात की थी।

4 वहीं सांसद बनने के बाद साल 2019 में जब नुसरत जहां पहली बार संसद गईं थी, तो वेस्टर्न ड्रेस को लेकर लोगों ने उन्हें काफी ट्रोल किया था। उन्होंने अपनी दोस्त मिमी चक्रवर्ती के साथ संसद भवन के सामने एक सेल्फी लेकर सोशल मीडिया पर शेयर की थी।

5 इसके बाद जब नुसरत निखिल जैन संग शादी के बाद लौटीं थीं तो वह संसद में चूड़ियां, सिंदूर और साड़ी पहनकर आने पर भी उन्हें सोशल मीडिया पर ट्रोलर्स का सामना करना पड़ा था।

6 वहीं अलग धर्म में शादी को लेकर भी काफी बवाल मचा था। मुफ्ती मुकर्रम अहमद, शाही इमाम, फतेहपुरी मस्जिद ने कहा था, %यह शादी नहीं है। यह दिखावा है। मुसलमान और जैन दोनों इसे शादी नहीं मानेंगे। वह अब जैन या मुस्लिम नहीं है। उन्होंने बहुत बड़ा अपराध किया है और ऐसा नहीं करना चाहिए था।%

7 मुफ्ती के इस बयान के अगले ही दिन उन्हें संसद में मीडिया का सामना करना पड़ा था. अगले ही दिन उनका एक बयान %धक्का मत दीजिए% सुर्खियों में आ गई थी।

8 निखिल जैन से शादी के बाद इसी साल यानी जनवरी 2021 में नुसरत जहां का नाम उनके को-स्टार यश दासगुप्ता के साथ जुड़ा। दोनों के अफेयर्स की खबरें खूब चर्चा में आने लगीं। वहीं फरवरी 2021 के आसपास, नुसरत को उनके पति निखिल जैन द्वारा तलाक के नोटिस भेजे जाने की खबरें आईं थीं। हालांकि, नुसरत ने दावा किया कि उन्हें ऐसा नोटिस कभी नहीं मिला।

9 इसके बाद इसी महीने इंस्टाग्राम पर एक रहस्यमयी पोस्ट आया, जिसमें नुसरत जहां के प्रेग्नेंट होने की बात सामने आई। एक बंगाली न्यूज वेबसाइटों ने बताया कि वह छह महीने की गर्भवती हैं और यह भी कहा जाता है कि निखिल जैन इस बात से अनजान है।

10 वहीं अब नुसरत की एक तस्वीर काफी सुर्खियों में हैं जिसतें वह बेबी बंप फ्लॉन्ट करती नजर आ रही हैं।

थर्ड वेब से पहले वैक्सीन का टोटा

शाम तक तीन हजार टीके मिलने की उम्मीद

दो दिन से बंद टीकाकरण, आज लगाई जा रही को-वैक्सीन की दूसरी डोज

कटनी। कोरोना संक्रमण की दूसरी लहर अब पूरी तरह से कमजोर पड़ गई है, इसी के प्रशासन और स्वास्थ्य अमला तीसरी लहर से निपटने की तैयारियों में जुटा हुआ है। जिला चिकित्सालय में ऑक्सीजन प्लांट सहित अन्य संसाधनों को पटरी पर लाने की कवायद शुरू हो गई है। संभागायुक्त बी चंद्रशेखर ने भी थर्ड बेव से निपटने के लिए अभी से तैयारियां शुरू करने के लिए कहा है।

जून के महीने में मिले पॉजीटिव केस

तारीख	पॉजीटिव
01 जून	01
02 जून	04
03 जून	00
04 जून	01
05 जून	05
06 जून	01
07 जून	00
08 जून	00
09 जून	01
10 जून	01
11 जून	01
12 जून	00
अप्रैल में पॉजीटिव -	4701
मई में पॉजीटिव -	2233

कटनी कोरोना अपडेट : 1209 सेम्पल की रिपोर्ट में मिला एक मरीज, आज एक और को मिली छुट्टी

कोरोना संक्रमण की दूसरी लहर के दौरान जिले को जिन परिस्थितियों का सामना करना पड़ा था, वैसी स्थितियां अब नहीं बने, इसको लेकर प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों द्वारा रणनीति बनाई जा रही है। उधर दूसरी तरफ पिछले दो दिनों से वैक्सीन की कमी के चलते टीकाकरण अभियान रफ्तार नहीं पकड़ पा रहा है। कोरोना संक्रमण की रोकथाम के लिए टीकाकरण को सबसे बड़ा हथियार माना जा रहा है लेकिन आलम यह है कि जिले में पिछले दिनों से वैक्सीन का टोटा बना हुआ है। यह स्थिति उस समय बनी जब जबलपुर संभाग के आयुक्त बी चंद्रशेखर कटनी जिले के दौरे पर रहे। जानकारी के मुताबिक कल शुक्रवार को जिले के किसी भी केन्द्र पर टीकाकरण नहीं हुआ, जबकि पुरानी कचहरी परिसर स्थित केन्द्र में आज को-वैक्सीन की दूसरी डोज लगाई जा रही है। जिले में वैक्सीन की कमी को लेकर जब सीएमएचओ डॉ. प्रदीप मुढ़िया से बात की गई तो उनका कहना था कि टीकाकरण अभियान की रफ्तार बढ़ने के बाद वैक्सीन की शॉर्टेज हो रही है। उन्होंने बताया कि आज शाम तक कोवीशील्ड और को-वैक्सीन की तीन हजार डोज कटनी पहुंच जाएगी।

कोरोना अपडेट : स्वास्थ्य विभाग का हेल्थ बुलेटिन

एक्टिव मरीज	10
जिला अस्पताल में भर्ती मरीज	03
होम आईसोलेशन में रखे गए मरीज	07
अब तक की गई सेम्पलिंग	143328
अब तक कुल नेगेटिव	127399
RTPCR की जांच	79031
RAT की जांच	64297
पिछले 24 घंटे में मरीजों के सेम्पल	1210
अब तक कुल पॉजीटिव केस	9359
जिले की लैब में पॉजीटिव केस	8855
अन्य लैब में पॉजीटिव केस	504
कोरोना संक्रमण से अब तक मृत्यु	109
पिछले 24 घंटे में ठीक हुए मरीज	05
अब तक ठीक हुए मरीज	9240

नोट :- दिनांक 11 जून को जारी किया गया बुलेटिन

आज एक भी पॉजीटिव केस नहीं

जिले में आज एक भी पॉजीटिव केस नहीं मिला है। जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. समीर सिंघई ने बताया कि पिछले 24 घंटे में सुप्राटेक की इंदौर लैब से मिली (आरपीटीसीआर) 598 सेम्पल की रिपोर्ट में एक भी पॉजीटिव केस नहीं मिला है। इसी तरह रेपिड एंटीजन टेस्ट की 621 सेम्पल की रिपोर्ट में भी एक पॉजीटिव केस नहीं मिला है। पिछले 24 घंटे में 5 मरीज को डिस्चार्ज किया गया है। अब तक तक कुल संक्रमित मरीजों 9359 में से 9240 मरीज स्वस्थ हो चुके हैं। जिले में अब 10 एक्टिव केस हैं, जिसमे से 3 जिला चिकित्सालय एवं 7 मरीज होम आईसोलेशन में उपचाररत हैं। जिले में अब तक 1 लाख 43 हजार 328 लोगों की जांच की जा चुकी है। जिसमे से 1 लाख 27 हजार 399 लोगों की रिपोर्ट नेगेटिव आई है।

मकान के अंदर से 92 हजार नगद चोरी

कटनी। कुठला थाना अंतर्गत कैलवाराफाटक क्षेत्र स्थित मकान में देररात धावा बोलकर अज्ञात बदमाश अंदर से 92 हजार रूपए नगद लेकर चंपत हो गए। पुलिस ने मामला दर्ज कर मामले को जांच में लिया है। इस संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक कैलवाराफाटक क्षेत्र निवासी संतकुमार रजक के मकान में अज्ञात बदमाशों ने धावा बोला और अंदर आलमारी में रखे 92 हजार नगद रूपए लेकर चंपत हो गए। संत कुमार ने किसी जानकार पर ही संदेह व्यक्त किया है। पुलिस अज्ञात बदमाशों के विरूद्ध धारा 457, 380 के तहत मामला दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

ट्रेन में चोरी का आरोपी गिरफ्तार

कटनी। जीआरपी थाना प्रभारी राकेश पटेल ने बताया कि ट्रेनों में चोरी करने के आरोप में झर्राटिकुरिया निवासी सौरभ कोरी को गिरफ्तार किया गया है। दो चोरियों के मामले में एक मोबाइल व एक हजार रुपये नगद जप्त किए गए हैं। आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

पैसेंजर ट्रेनों की जगह लेंगी मेमो ट्रेनें

कम दूरी का सफर करने वाले परेशान यात्रियों को मिलेगी राहत,दो माह और करना होगा इंतजार

कटनी। कोरोना की पहले लहर के आते ही रेलवे ने यात्री ट्रेनों को संचालन पूरी तरह से बंद कर दिया। राहत मिलने पर स्पेशल ट्रेनों को तो शुरू कर दिया गया लेकिन पैसेंजर ट्रेनों को नहीं चलाया गया। लगभग 16 माह से भी ज्यादा समय से पैसेंजर ट्रेनें बंद है। कम दूरी की यात्रा करने वाले यात्री परेशान है। पश्चिम मध्य रेलवे ने यात्रियों को राहत देने की तैयारी कर ली है। जल्द ही वह पैसेंजर ट्रेनों की जगह मेमो ट्रेनों का संचालन करने जा रहा है। उम्मीद है कि यात्रियों को इसके लिए दो माह का और इंतजार करना होगा। इसके बाद पैसेंजर ट्रेनों के रूट पर मेमो ट्रेनें दौड़ने लगेंगी।

सुविधाजनक है मेमो ट्रेन

मेमो ट्रेन की खासियत है कि इनमें कोच के साथ दोनों ओर इंजन लगे होते हैं। इनमें बार-बार इंजन नहीं बदला जाता, यह लोकल ट्रेन की तरह ही होती है। इनमें सीट के साथ यात्रियों के खड़े होने के लिए पर्याप्त जगह होती है। मेमो ट्रेनों की रफ्तार पैसेंजर ट्रेन की तुलना में अधिक होने से सफर का समय कम होता है।

बीना में बन रहा कोच मेंटेनेंस शेड

मेमो ट्रेनों के कोचों के मेंटेनेंस के लिए बीना में शेड बनाया जा रहा है। जिसका काम लगभग 70 से 80 फीसदी पूरा हो गया है। गतदिवस पमरे जीएम ने निर्माणाधीन शेड का निरीक्षक कर इसका काम जल्द पूरा करने निर्देश दिए हैं। पश्चिम मध्य रेलवे की पहली मेमो ट्रेन बीना-कटनी के बीच दौड़ रही है। इस ट्रेन को चलाने के बाद यात्रियों से अच्छा फीडबैक मिला है।

इन रूट पर जरूरी है मेमो ट्रेन

-नरसिंहपुर-जबलपुर-कटनी के बीच।
-इटारसी से जबलपुर के बीच।
-जबलपुर से सतना के बीच।
-जबलपुर से कटनी के बीच।
-कटनी से सिंगरौली के बीच।
-कटनी से रीवा के बीच।

पहले चरण में इन रूटों पर चल सकती है मेमो ट्रेन
-सतना-मानिकपुर के बीच।
-इटारसी-जबलपुर-सतना।
-इटारसी-प्रयागराज(छिवकी)।

जबलपुर मंडल में चलने वाली पैसेंजर ट्रेनें
-रीवा-जबलपुर शटल।
-इटारसी-कटनी-भोपाल विध्याचंल एक्सप्रेस।
-इटारसी-प्रयागराज(छिवकी) पैसेंजर।
-कटनी-बीना पैसेंजर।
-कटनी-चोपन पैसेंजर।

इनका कहना है

मेमो ट्रेन चलने से जुड़ी सभी तैयारियों को पूरा किया जा रहा है। मेमो ट्रेन के कोचों का मेंटेनेंस करने बीना में शेड बनाया जा रहा है। हमारा प्रयास है कि दो माह के भीतर शेड बनाकर ट्रेनों को चलाना शुरू कर दें।

राहुल जयपुरिया, सीपीआरओ, पमरे

गांजा की खेती करने का आरोपी राजस्थान से गिरफ्तार

स्लीमनाबाद पुलिस को मिली सफलता

कटनी। स्लीमनाबाद पुलिस ने ग्राम छपरा के वीरान हार में गांजा की खेती करने के फरार आरोपी को राजस्थान भीलवाड़ा से गिरफ्तार कर कटनी ले आई है। गौरतलब है कि 25 फरवरी को छपरा वीरान हार सुरेश चौधरी के खेत ग्राम तेवरी से 17.220 क्विंटल अफीम के हरे पौधे जप्त किए गए थे। मामले में आरोपी सुरेश चौधरी निवासी तेवरी थाना स्लीमनाबाद एवं भैरव लाल जाट निवासी खजीना थाना बड़लियास जिला भीलवाड़ राजस्थान के विरूद्ध नारकोटिक्स एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया था। मामले के आरोपी सुरेश चौधरी निवासी तेवरी को पूर्व मे गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में पेश किया गया था। आरोपी भैरव लाल जाट घटना दिनांक से फरार था। जिसकी गिरफ्तारी पर पुलिस अधीक्षक मयंक अवस्थी द्वारा 5000 रूपये का ईनाम घोषित किया गया था। आरोपी की गिरफ्तारी हेतु पुलिस अधीक्षक मयंक अवस्थी व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संदीप मिश्रा दिशा निर्देश व स्लीमनाबाद एसडीओपी मोनिका तिवारी के मार्गदर्शन में स्लीमनाबाद थाना प्रभारी स्लीमनाबाद अजय बहादुर सिंह, उपनिरीक्षक संतराम यादव, सउनि विजय गिरी, प्रधान आरक्षक अंजनी मिश्रा, कोदूलाल पटेल, मनीष असैया, दुर्गेश विश्वकर्मा, सोने सिंह, बृजेश सिंह को लगाया गया। पुलिस टीम आरोपी भैरव सिंह जाट को भीलवाड़ा राजस्थान से गिरफ्तार कर कटनी ले आई है। आरोपी को 11 जून को माननीय न्यायालय में पेश किया गया। माननीय न्यायालय के आदेशानुसार आरोपी को जिला जेल कटनी दाखिल किया गया। पुलिस अधीक्षक कटनी द्वारा टीम के सभी अधिकारियों, कर्मचारियो को पुरस्कृत करने की घोषणा की गई है।

पुलिस अधीक्षक ने घोषित किया था 5 हजार का ईनाम

ओपन कैप में ही अंकुरित हो गई धान

कटनी। ओपन केप और केन्द्रों पर खुले आसमान के नीचे पड़ी हजारों क्विंटल धान बेमौसम की बारिश में खराब होने के मामले की जांच भी शुरू नहीं हो पाई थी कि ओपन कैप में भंडारित धान के बारिश के पानी में खराब होने और अंकुरित होने का नया मामला सामने आ गया है। इस पूरे मामले में सिस्टम की लापरवाही सामने आ रही है। बताया जाता है कि स्टेट वेयर हाउस कार्पोरेशन एसडब्ल्यूसी द्वारा समर्थन मूल्य पर किसानों से उपार्जित की गई धान का भंडारण ओपन कैप में करवाया गया था। करीब 25 हजार क्विंटल से ज्यादा धान भंडारित कराई गई है लेकिन बेमौसम की बारिश से यहां कई स्थानों पर धान अंकुरित हो गई। बताया जाता है कि बहोरीबंद तहसील के अंतर्गत आइटीआई के समीप बने ओपन कैप में पहली बारिश के बाद ही धान भंडारण में बड़ी लापवाही सामने आई। यहां सुरक्षित भंडारण का दावा करने वाले सरकारी विभाग के अफसरों के प्रयास एक बार फिर कागजी साबित हुए। धान भंडारण के बाद सुरक्षा में लापरवाही का आलम यह है कि कई जगह धान जम गई है। अंकुरित हो गई है। बोरियां भी गिर रही है। तिरपाल फट चुकी है। धान की छल्ली भी कई स्थानों पर तितर-बितर हो गई है। स्थानीय रहवासियों ने बताया कि एसडब्ल्यूसी ने धान के सुरक्षित भंडारण में ध्यान नहीं दिया तो नुकसान बड़ा होगा। इस बारे में जब विभागीय अधिकारियों से बात की गई तो उनका कहना था कि बहोरीबंद में धान भंडारण के दौरान कहीं गड़बड़ी नहीं मिली है। इसके बाद भी यदि धान जम गई है या बोरियां गिरने के साथ तिरपाल फट गया है तो ठीक करवाएंगे।

धान भंडारण में बड़ी लापरवाही, बहोरीबंद के आईटीआई का मामला

सड़क निर्माण नहीं होने से दिन भर उड़ रहे धूल के गुबार

अल्टीमेटम के बाद भी नहीं चेता निगम प्रशासन, आक्रोशित युवाओं ने दिया सांकेतिक धरना

कटनी। मिशन चौक से चांडक चौक तक सड़क निर्माण नहीं होने की वजह से राहगीरों के साथ ही क्षेत्र के लोगों को कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। भारी वाहनों के आवागमन की वजह से दिन भर यहां धूल के गुहार उड़ते रहते हैं। जिससे लोगों के स्वास्थ्य पर विपरीत असर पड़ रहा है। युवा समाजसेवी मनोज प्यासी ने दो दिन पहले ही नगर निगम को चेतावनी दी थी कि यदि समय रहते सड़क निर्माण शुरू नहीं किया गया तो क्षेत्र के युवाओं और नागरिकों को साथ लेकर आजाद चौक में धरना दिया जाएगा। इसके बावजूद नगर निगम प्रशासन के कानों में जूं तक नहीं रेंगी। जिससे नाराज युवाओं ने आज दोपहर आजाद चौक में सांकेतिक रूप से धरना दे दिया। सूचना मिलने पर मौके पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर युवाओं को समझाईश दी। जिस पर धरना समाप्त किया गया। गौरतलब है कि ओव्हर ब्रिज और सीवर लाइन निर्माण के चलते मिशन चौक से चांडक के बीच की सड़क खस्ताहाल और जर्जर हो गई है। सीवर लाइन का काम होने के बाद भी संबंधित ठेकेदार द्वारा सड़क का निर्माण नहीं किया जा रहा है। युवा समाजसेवी मनोज प्यासी ने कहा कि बरसात का मौसम कुछ ही दिन में शुरू होने वाला है, यदि समय रहते सड़क का निर्माण नहीं हुआ तो आने वाले दिनों में राहगीरों के साथ ही क्षेत्र के लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा।

बरही में एक और किसान के 1 लाख 10 हजार पार

कटनी। बरही में इन दिनों शातिर बदमाश सक्रिय हैं। 2 दिन पूर्व ही एक वृद्ध किसान के रुपये चोरी हो गए थे। उस मामले का पुलिस अभी खुलासा भी नहीं कर पाई थी कि बीती शाम एक और किसान घटना का शिकार हो गया। इस बार एक युवा किसान चोरों का शिकार बना। जानकारी के अनुसार ग्राम डीघी निवासी मुकेश पटेल 1 लाख 20 हजार रूपये एसबीआई बैंक बरही से निकाले और 10 हजार जेब में रखकर शेष रुपये एक पॉलीथिन में रख लिया था जो गायब हो गए हैं। खाद-बीज की दुकान पहुंचा तो रुपये गायब थे। आरोप लगाया है की रुपये दुकान से गायब हुए हैं। बहरहाल पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है और बदमाशों की पतासाजी में जुट गई है।

किराए से देना है

बस स्टैंड से 500 मीटर मैहर रोड पर चौरसिया मैरिज गार्डन के ठीक सामने 17×40 की दुकान किराये पर उपलब्ध हैं।

संपर्क करें- 9424849034, 7052191771,9425155542

PRE. REGISTRATION
सांईनाथ इंस्टीट्यूशन/ श्री हास्पिटल

सर्व सुविधायुक्त कॉलेज हॉस्टल एवं बस की सुविधा उपलब्ध

पाठ्यक्रम	योग्यता	कोर्स अवधि	उम्र
डी.एल.एड.	12वीं पास (किसी भी विषय)	2 वर्ष	17 वर्ष से उपर
बी.ए.बी.एड.	12वीं पास (किसी भी विषय)	4 वर्ष	17 वर्ष से उपर
बीएससी बीएड	12वीं पास (विज्ञान/गणित)	4 वर्ष	17 वर्ष से उपर

एन.सी.टी.ई. नई दिल्ली म.प्र. एवं रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर व माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल

नोटः- एससी/एसटी/ओबीसी छात्र-छात्राओं को म.प्र. शासन के नियमानुसार शिक्षण शुल्क लाभ प्राप्त करें

श्री हास्पिटल एम.एम. चौबे वार्ड, एनएच-7 बरगवां, कटनी मो. 8962262200, 9425325316, 9752414318

PRE. REGISTRATION सांईनाथ कॉलेज ऑफ नर्सिंग/ श्री हास्पिटल

सर्व सुविधायुक्त कॉलेज हॉस्टल एवं बस की सुविधा उपलब्ध

पाठ्यक्रम	योग्यता	कोर्स अवधि	उम्र
एएनएम	12वीं पास (किसी भी विषय)	2 वर्ष	17 वर्ष से ऊपर
जीएनएम	12वीं पास (किसी भी विषय)	3 वर्ष	17 वर्ष-35 वर्ष
बीएससी (नर्सिंग)	12वीं पास (बायो.)	4 वर्ष	17 वर्ष से ऊपर
पोस्ट बेसिक बीएससी		2 वर्ष	17 वर्ष से ऊपर
एमएससी (मनो.)		2 वर्ष	17 वर्ष से ऊपर
एमएससी (सामु. स्वा.नर्सिंग)		2 वर्ष	17 वर्ष से ऊपर

नोटः- एससी/एसटी/ओबीसी छात्र-छात्राओं को म.प्र. शासन के नियमानुसार शिक्षण शुल्क लाभ प्राप्त करें

इंडियन नर्सिंग काउंसिल नई दिल्ली म.प्र. नर्सेस रजिस्ट्रेशन काउंसिल भोपाल से मान्यता प्राप्त

श्री हास्पिटल एम.एम. चौबे वार्ड, एनएच-7 बरगवां, कटनी मो. 8962262200, 9425325316, 9752414318

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा एन.एम. पब्लिकेशन प्रा.लि. उखरी चौक जबलपुर से मुद्रित एवं कचहरी चौक कटनी से प्रकाशित। सम्पादक-श्याम कटारे एवं स्थानीय सम्पादक-आशीष सोनी*। फोन (07622) 406666, 230033, जबलपुर कार्यालय फोन- (0761) 2643333, 2646666 फैक्स (0761) 4084085 डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/ 26/19-21 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/21090. email - katni@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)